भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय द्वारा पंजीकृत संख्या UTTHIN/2015/66525 E-mail: amarujiyara@gmail.com

# अमर उजियारा

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–7 अंक–22 सोमवार, 20 सितम्बर 2021 हल्द्वानी (नैनीताल) मूल्य 5/– रुपया पृष्ठ 8

## संयुक्त आबकारी आयुक्त कार्यालय से चोरी

हल्द्वानी। चोरों ने नैनीताल रोड स्थित जजी कोर्ट के पास संयुक्त आबकारी आयुक्त दफ्तर में ताला तोड़कर सेंध लगा दी। चोर संयुक्त आबकारी आयुक्त के कार्यालय से ३५ टोंटिया खोल ले गए। टोंटिया खुलने से पानी बहने के कारण भूतल पानी से भर गया।नैनीताल रोड जजी कोर्ट परिसर से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर जेपीएस भवन में संयुक्त आबकारी आयुक्त का कार्यालय है। शुक्रवार देर रात चोर दफ्तर के ताले तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने भवन के भूतल में लगी सभी ३५ नलों की टोंटिया चुरा ली। टोंटिया निकालने के प्रयास में चोरों ने तोड़फोड़ भी की। शनिवार सुबह कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो घटना का पता चल सका। नलों की टोंटिया खुलने से पानी निचले तल में भर गया। चोरों ने टोंटियों के अलावा कार्यालय के कंप्यूटर आदि उपकरणों और अन्य किरायेदार के कीमती सामान को हाथ तक नहीं लगाया। मामले में उप आबकारी आयुक्त विवेक सोनकिया ने भोटिया पड़ाव चौकी में तहरीर दी है। साथ ही मामले की शिकायत डीएम और एसएसपी से भी की है। संयुक्त आबकारी आयुक्त केके कांडपाल को शक है कि घटना को नशेड़ियों ने अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।आबकारी विभाग सरकार को करोड़ों का राजस्व देता है, लेकिन संयुक्त आबकारी आयुक्त के कार्यालय में सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। पूरे परिसर में एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं है। परिसर में रात्रि चौकीदार की व्यवस्था भी नहीं है।हल्द्वानी। देव विहार, जगदंबा नगर निवासी निरूपमा पांडेय ने पुलिस को बताया कि पांच सितंबर को वह अपने पैतृक घर बागेश्वर गई थी। १८ सितंबर को लौटी तो घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। सामान अस्त–व्यस्त पड़ा था। घर में लगे पानी के दो गीजर गायब थे। इसकी सूचना उसने तत्काल पुलिस को दी।

## इंदिरा विकास संकल्प यात्रा शुरू



हल्द्वानी। इंदिरा विकास संकल्प यात्रा रविवार को शहर के वार्ड नंबर एक से शुरू हुई। कांग्रेस पब्लिसिटी कमेटी के अध्यक्ष सुमित ने यात्रा का शुभारंभ करते हुए स्व. इंदिरा हृदयेश के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के आते ही लोगों की मूलभूत समस्याएं हल कराने के साथ आईएसबीटी और रिंग रोड का काम शुरू करवाया जाएगा।

रविवार को संकल्प यात्रा दोपहर तीन बजे नरीमन चौराहे से शुरू हुई, जो गौला हेड, बद्रीपुरा, गौला बैराज, ठोकर लाइन होते हुए नई बस्ती पहुंची। यहां पहले दिन की यात्रा का समापन हुआ। हर क्षेत्र में एक सभा का आयोजन किया गया। स्थानीय निवासियों ने इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ कांग्रेसी बहादुर बिष्ट, यशपाल आर्य, योगेंद्र बिष्ट आदि ने कहा कि इंदिरा हृदयेश ने हल्द्वानी विधानसभा और उनके वार्ड के लिए बहुत विकास कार्य किए। यात्रा में राहुल छिमवाल, जया बिष्ट, कमला सनवाल, योगेंद्र बिष्ट, गोविंद बिष्ट, विजय चंद्रा, नवीन पांडे, राजू रावत, मनीष पांडे आदि मौजूद रहे।

## महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब पहुचकर मत्था टेका







देहरादून। प्रदेश के महामहिम राज्यपाल ले0ज0(सेनि0) गुरमीत सिंह एवं प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब में पहुचकर मत्था टेक कर प्रदेश की खुशहाली के लिए अरदास की इसके उपरान्त उन्होने गुरूद्वारा परिसर में झाड़ू लगाई तदोपरान्त लंगर में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष व सम्मानित सभी सदस्यों ने महामहिम राज्यपाल व मा0 मुख्यमंत्री को सरोपा भेंट किया। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि मुझे आज बहुत खुशी हो रही है कि आज गुरु के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, यहां आकर मुझे आप लोगों का जो स्नेह व आर्शीवाद मिला है उससे मै अभिभूत हूँ। उन्होने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे इस प्रकार सभी का आर्शीवाद मिलेगा तो मुझे उत्तराखण्ड की सेवा करने में और बल मिलेगा। उन्होने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री जी के द्वारा जो दायित्व मुझे दिया गया है मै उसका निर्वाहन एक सैनिक के रूप में पूरी निष्ठा से करूंगा। उन्होने कहा कि जो सम्मान मुझे मिला है वह सिक्ख समुदाय के हर व्यक्ति का सम्मान है। उन्होने कहा कि सच्चे बादशाह गुरु नानक देव जी ने हमको सरलता, नम्रता, करुणा, सेवा आदि का जो सबक सिखाया है वह बहुत ही अच्छा मार्गदर्शन है। उन्होने कहा कि आज मैने सच्चे बादशाह से प्रार्थना की है कि उत्तराखण्ड की पावन धरती जिसमें चार धाम, हेमकुंड साहिब, रीठा साहिब व नानकमत्ता साहिब है मुझे उनका आर्शीवाद प्राप्त हो जिससे मै अपना एक–एक क्षण उत्तराखण्ड की सेवा में लगाऊं।

## कोरोना से परेशान व्यापारियों को भी रियायत देने की मांग की

ऋषिकेश। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलास्तरीय सम्मेलन में वक्ताओं ने कोरोना के दौरान व्यापारियों को हुए आर्थिक नुकसान पर चिंता जताई। उन्होंने सरकार से व्यापारियों को रियायत देने की मांग की। रविवार को देहरादून रोड स्थित व्यापार सभा भवन में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का जिला स्तरीय सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि प्रांतीय चेयरमैन अनिल गोयल ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू के चलते बाजार बंद होने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हुआ है। ऐसे में सरकार को व्यापारियों को भी रियायत देनी चाहिए। प्रांतीय अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार जीएसटी के सर्वे करवा रही है। जो सर्वथा गलत है। प्रदेश महामंत्री प्रकाश चंद्र मिश्रा ने कहा कि चारधाम यात्रा का आरंभ हो गया है। जो स्वागत योग्य है। सरकार को बारिश के चलते पहाड़ों में क्षतिग्रस्त मार्गों को जल्द सुधारना चाहिए। जिससे यात्रियों को कोई समस्या न हो और साथ ही पहाड़ों पर व्यवसायियों का उपभोक्ता सामान आसानी से जा सके। जिला अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश गढ़वाल का मुख्य द्वार है। लेकिन यहां पार्किंग की सुविधा नहीं है, जिससे बाहर से आने वाले लोगों को दिक्कत और व्यापारी को आर्थिक नुकसान होता है।

## विधायक राजकुमार के समर्थकों ने ली भाजपा की सदस्यता



देहरादून। पुरोला विधायक राजकुमार के समर्थक बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने उन्हें सदस्यता दिलाई। रविवार को भाजपा मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में सीएम धामी ने कहा कि राजकुमार के आने से पुरोला क्षेत्र में विकास कार्य रफ्तार पकड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति हमेशा विशेष लगाव रहा है। यहां की भौगोलिक स्थितियों के लिए वे हमेशा चिंतित रहते हैं। आने वाले समय में उत्तराखंड को आर्थिक, सांस्कृतिक और धार्मिक राजधानी के नाम से विश्व में जाना जाएगा। विधायक राजकुमार ने कहा कि पीएम मोदी से प्रभावित और कांग्रेस में परिवार वाद से त्रस्त होकर ही भाजपा में आए हैं। भाजपा की सदस्यता लेने वालों में पुरोला, नौगांव व मोरी के कई कांग्रेस पदाधिकारी, सभासद, पूर्व ब्लाक प्रमुख व पूर्व प्रधान शामिल रहे। प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री नीरू देवी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, उत्तरकाशी के जिलाध्यक्ष रमेश चौहान, चारधाम विकास परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सूरत राम नौटियाल आदि मौजूद रहे। विधायक के समर्थकों ने भाजपा मुख्यालय पर जमकर आतिशबाजी की। ये समर्थक दोपहर दो बजे ही पहुंच गए थे। जैसे ही विधायक राजकुमार वहां पहुंचे तो ढोल–नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया गया। काफी संख्या में पहुंची महिलाओं ने भी पार्टी परिसर पर पारंपरिक लोकनृत्य भी किया।

# सम्पादकीय

## कंपनियों को स्पेक्ट्रम

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से दूरसंचार क्षेत्र में सुरक्षा उपायों के साथ सौ फीसदी विदेशी निवेश की अनुमति और राहत पैकेज से इस संकटग्रस्त उद्योग को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्र सरकार ने वित्तीय संकट से जूझ रही टेलीकॉम कंपनियों को स्पेक्ट्रम से जुड़े भुगतान को चार साल तक टालने को भी मंजूरी दी है। ऐसा माना जा रहा है कि इन संरचनात्मक सुधारों से दूरसंचार सेक्टर के स्वरूप में धनात्मक बदलाव आयेगा। विश्वास जताया जा रहा है कि उद्योग जगत अब निवेश बढ़ाकर डिजिटल मुहिम को गति दे सकेगा। साथ ही गुणात्मक मोबाइल सेवा के साथ कॉल ड्राप की समस्या से भी निजात मिलेगी। निस्संदेह संकटग्रस्त कंपनियों को विदेशी निवेश की छूट मिलने से दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों के लिये नकदी का प्रवाह बढ़ेगा, जो निवेश करने वाले बैंकों के भी हित में रहेगा। दरअसल, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिये गये फैसले में समायोजित सकल राजस्व यानी एजीआर का भुगतान को चार साल के लिये टाला गया है ताकि एक अक्तूबर से लागू होने वाली छूट के चलते कंपनियां संरचनात्मक विकास पर ध्यान दे सकें। लेकिन इस बकाया राशि पर ब्याज का भुगतान करना होगा। चार साल बाद कंपनियों को शेष राशि चुकानी होगी। ऐसा न होने पर सरकार भुगतान को इक्विटी में बदल सकती है। वहीं सरकार ने दूरसंचार के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को ४९ फीसदी से बढ़ाकर सौ फीसदी तो किया है, लेकिन इसमें सुरक्षा उपायों का पालन होगा। मसलन यह निवेश उन्हीं देशों से हो सकेगा, जिनसे निवेश की अनुमति भारत सरकार ने दी है। दरअसल, पिछले दिनों आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने सरकार को पत्र लिखकर कहा था कि यदि सरकार मदद को आगे नहीं आती तो वोडाफोन आइडिया दिवालिया हो सकती है। सरकार ने इस पत्र में उठाई गई समस्या को गंभीरता से लिया। फिर सरकार की पहल के बाद टेलीकॉम सेक्टर की तसवीर ही बदल गईदरअसल, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने टेलीकॉम कंपनियों को एजीआर बकाया के तौर पर **1,19 292** करोड़ रुपये के भुगतान करने को कहा था, जिसमें एक बड़ा हिस्सा भारती एयरटेल व वोडाफोन का था। इसके एक हिस्से का भुगतान इन कंपनियों ने किया भी था। अब सरकार की पहल के बाद टेलीकॉम कंपनियों को बैंकों से ऋण लेने और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं को तर्कसंगत बनाने की पहल भी की गई है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ड्रोन व वाहन उद्योग की विनिर्माण क्षमता में वृद्धि के लिये **26,058** करोड़ रुपये का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआई योजना को भी हरी झंडी दी है। इसमें वैकल्पिक ऊर्जा वाले वाहन मसलन इलेक्ट्रिकल व हाइड्रोजन फ्यूल सेल वाहन भी शामिल होंगे। इस पैकेज का बड़ा हिस्सा जहां वाहन उद्योग को मिलेगा, वहीं एक सौ बीस करोड़ रुपये ड्रोन उद्योग के लिये आवंटित होंगे। सरकार की मंशा है कि देश में कलपुर्जा उद्योग का विकास किया जाये। इससे जहां उत्पादन व निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, वहीं देश में रोजगार का भी विस्तार किया जा सकेगा। सरकार का सोचना है कि इस कदम से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में विदेशी निवेश को बढ़ावा मिल सकेगा, जिससे वैश्विक वाहन कारोबार में भारत की भागेदारी बढ़ेगी। दूसरी ओर सरकार चाहती है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद में ऑटो क्षेत्र की हिस्सेदारी में वृद्धि हो। वह चाहती है कि इसे सात फीसदी से बढ़ाकर बारह फीसदी के करीब लाया जाये। उम्मीद है कि सरकार के इस फैसले से अर्थव्यवस्था को तेजी मिलेगी। दूरसंचार कंपनियों के लिये घोषित राहत पैकेज के बाद टेलीकॉम कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। निस्संदेह कर्ज में डूबा दूरसंचार क्षेत्र लंबे समय से इस राहत की प्रतीक्षा कर रहा था। साथ ही दूरसंचार क्षेत्र में निवेश की छूट मिलने से कंपनियां नए विदेशी निवेशक तलाश सकेंगी। इस नये निवेश से देश में **5**–जी तकनीक के क्षेत्र में भी प्रगति हो सकेगी। साथ ही देश में इन्फ्रास्ट्राक्चर में सुधार का लाभ देश के करोड़ों मोबाइल उपभोक्ताओं को भी मिलेगा।

# ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति वर्सेज उत्तम स्वास्थ्य



प्रकाश चौहान

जीवात्मा जब भौतिक शरीर धारण करती है तो इस स्थूल शरीर के स्तर पर जरा सी भी रासायनिक असंतुलन की स्थिति में रोग–व्याधियों का आना स्वाभाविक ही है। इसीलिए विज्ञान जगत में ज्मानव शरीर क्रिया विज्ञानज् का पृथक से एक शाखा के रूप में अध्ययन किया जाता है। ऐसे ही पशु–पक्षियों, कीट–पतंगों एवं पेड़–पौधों के विशिष्ट अध्ययन के लिए भी विज्ञान जगत में विशेषज्ञों द्वारा सुनियोजित अध्ययन एवं अन्वेषण किया जाता है। सजीव जगत के स्वास्थ्य, पोषण एवं क्रमिक विकास के संबंध में हम इस वैज्ञानिक युग में निरंतर अध्ययन करते रहते हैं। मुझे ज्मानव चिकित्सा पद्धतिज् को ज्मेडिकल साइंसज् के स्थान पर ज्विज्ञानज् नाम से ही संबोधित करना ज्यादा अच्छा लगता है, क्योंकि आज की मानव चिक्त्सिा पद्धति जिस चरम पर भी पंहुची है यह सब उन वैज्ञानिकों की ही देन है जिन्होंने अपना सर्वस्व समर्पित कर जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एवं मकैनिकल इंजीनियरिंग इत्यादि के क्षेत्र में अपना अति विशिष्ट योगदान दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि विज्ञान की कोई भी शाखा अपनेआप में एक–दूसरे से पृथक व तटस्थ नही हो सकती है, सभी एक दूसरे से बहुत गहराई से परस्पर संबंधित हैं। अत: विज्ञान का जो भी स्वरूप हमें वर्तमान में दिखाई देता है यह एक समावेशी विज्ञान है।भौतिक विज्ञान की उपशाखाओं के स्वरूप में से ही इलेक्ट्रॉनिक्स, ऐरोनॉटिक्स, मकैनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं सिविल अभियंत्रण इत्यादि का विकास हुआ है। मुझे तो विज्ञान की शाखाओं में सबसे ज्यादा रूचिकर विषय भौतिकी एवं जीव विज्ञान ही लगते हैं। भौतिक विज्ञान में नैसर्गिक घटनाओं व बलों के साम्य का अध्ययन एवं जीव विज्ञान में मानव मस्तिष्क की जटिल संरचना व न्यूरॉन कोशिकाओं से बने नाड़ी तंत्र का अध्ययन वास्तव में कितना रोचक होता है। हमारा नर्वस सिस्टम ही मस्तिष्क को भौतिक जगत में होने वाली घटनाओं का संज्ञान करवाता है। जैसे एक जन्मान्ध व्यक्ति में एक ज्दृश्य संवेदी तंत्रज् के अभाव की वजह से वह इस संसार के रंगों के बारे में आजीवन अनभिज्ञ रहता है। वह उस ज्प्रकाशज् नामक ऊर्जा की कल्पना भी नहीं कर सकता, जिसकी तरंगें हमारी आँख की पुतली पर आपतित होकर हमें संसार का दर्शन करवाती हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि ज्विज्ञानज् इतना महत्वपूर्ण है कि इस ब्रम्हाण्ड में घटित होने वाली सभी प्रकार की परिघटनाएं इसी के परिणामस्वरूप हैं।अक्सर में वर्तमान परिवेश में ऑब्जर्व करता हूँ कि मेडिकल साइंस का अध्ययन करने वाला समुदाय अपनेआप को वास्तविक विज्ञान से पृथक समझकर सर्वोपरि मानता है। ऐसे ही ज्सिविल अभियंत्रणज् से संबंधित समुदाय भी सीमेंट, रेत, कॉन्क्रीट, ब्रिक्स व स्टील की मात्रा का ऐस्टिमेशन व मैजरमैन्ट कर एवं इक्विपमैंट्स की मदद से आर०सी०सी० की स्ट्रेंथ को मैजर कर अभियंत्रण के क्षेत्र में अपनेआप को सर्वश्रेष्ठ समझते हैं। इसकी वजह यह है कि जिन्हें भी सरकार की अथॉरिटी एवं आशीर्वाद प्राप्त हो जाता है वह सर्वप्रिय, लोकप्रिय एवं सर्वोपरि हो ही जाते हैं। वास्तविकता में विज्ञान की शोध एवं अन्वेषण में रत वैज्ञानिकों अथवा अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र को विकसित करने के लिए सरकार का बजट भी कम पड़ जाता है। लेकिन वास्तविकता में उन महान वैज्ञानिकों को तो अर्थ एवं बजट की आवश्यकता ही नहीं होती, वो तो प्रकृति के संसाधनों को ही ज्अर्थज् के रूप में उपयोग कर लेते हैं।प्रिय पाठकों को अभी तक यह प्रतीत हो रहा होगा कि लेखक विषय से भटक चुके हैं लेकिन किसी विषय को ज्यादा गहराई से समझने के लिए भूमिका बनाना आवश्यक होता है। हाल ही में हमें ऐलोपैथी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा व्यवसाय में भीषण जंग देखने को मिली। सैकड़ों प्रबुद्ध जनों ने बाबा रामदेव जी को हमेशा की तरह खूब गालियां बरसायी। मैं तो यह स्पष्ट कहता हूँ कि सही मायनों में समग्र स्वास्थ्य को प्राप्त करने के लिए हमें योगा, प्राणायम, ध्यान विधियों एवं रसायन मुक्त आहार अथवा आर्गेनिक फूड को ही अपनाना चाहिए।

इस भौतिक शरीर का सृजन जब प्रकृति ने किया तो साथ में अद्भुत प्रतिरक्षा तंत्र (इम्यून सिस्टम) भी विकसित किया, जो बाह्य वातावरण में उपस्थित इंफेक्शन से निरंतर हमारी सुरक्षा करता रहता है। अगर यह प्रतिरक्षा प्रणाली इस शरीर में न होती तो कुछ ही घंटे के भीतर माइक्रो आर्गेनिजम्स इसका अपघटन कर देते। भौतिक शरीर की मृत्यु के उपरांत यही तो होता है, बाहरी आक्रमणकारियों को प्रतिरक्षा तंत्र की अनुपस्थिति में धावा बोलने का अच्छा अवसर मिल जाता है। हमें प्रकृति के द्वारा ऐसे ही जो अमूल्य उपहार दिये गये हैं उन्हीं में हमें अपने अच्छे स्वास्थ्य एवं पोषण को ढूंढना है। प्रकृति में पायी जाने वाली जड़ी–बूटियों, शाक–सब्जियों, वनस्पतियों, फल, अन्न, जल एवं हवा में, (अथवा जो भी प्रकृति से सीधे व्युत्पन्न हों) हमारे लिए सभी औषधियां, वाइटामिन्स, खनिज–लवण एवं पोषक पदार्थ उपलब्ध होते हैं। हम देख सकते हैं प्रकृति में स्वतंत्र रूप से जीवन–यापन करने वाले पशु- पक्षी बिना किसी चिकित्सा का सहारा लिए, कितने स्वस्थ एवं हष्ट–पुष्ट रहते हैं। नैसर्गिक जीवन यापन करना ही उत्तम स्वास्थ्य की कुंजी है। जहां भी सहजता एवं स्वाभाविकता में मिलावट और छेड़छाड़ होती है,

**शेष 7 पेज पर**

# विवेक रंजन अग्निहोत्री ने किया द दिल्ली फाइल्स का ऐलान

विवेक रंजन अग्निहोत्री बॉलीवुड के चर्चित फिल्ममेकर हैं। उन्हें ज्वलंत और ऐतिहासिक मुद्दों पर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है। वह अक्सर सोशल मीडिया पर भी अपने बयानों को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। अब इस फिल्ममेकर के खाते में एक और फिल्म जुड़ गई है। अग्निहोत्री ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी नई फिल्म द दिल्ली फाइल्स की घोषणा कर दी है।

अग्निहोत्री ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इस फिल्म की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने फिल्म का फर्स्ट लुक साझा किया है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, कुछ साल पहले मैंने स्वतंत्र भारत की अनकही कहानियां बताना शुरू किया था। द ताशकंद फाइल्स और द कश्मीर फाइल्स के बाद अब इस ट्रायोलॉजी की अंतिम और सबसे साहसी फिल्म द दिल्ली फाइल्स की घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। कृपया हमें आशीर्वाद दें।

अग्निहोत्री की फिल्म द ताशकंद फाइल्स २०१९ में रिलीज हुई थी। यह फिल्म भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमयी मौत और उनकी हत्या की साजिश की पड़ताल करती है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में मिथुन चक्रवर्ती नजर आए थे। उनके आलाव इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, श्वेता बसु, पल्लवी जोशी, मंदिरा बेदी और पंकज त्रिपाठी भी नजर आए थे। यह इस ट्रायोलॉजी की पहली फिल्म थी।

वहीं, इस ट्रायोलॉजी की दूसरी फिल्म द कश्मीर फाइल्स आने वाले दिनों में रिलीज होगी। इस फिल्म में भी मिथुन अहम भूमिका में नजर आएंगे। अनुपम खेर, पुनीत इस्सर और अमान इकबाल भी फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म द कश्मीर फाइल्स की कहानी की बात करें तो यह कश्मीरी पंडितों के विस्थापन पर आधारित फिल्म है। फिल्म में १९९० में अपनी मिट्टी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की कहानी को दिखाया जाएगा। इसी ट्रायोलॉजी की तीसरी फिल्म है द दिल्ली फाइल्स। इस फिल्म की घोषणा होते ही यह सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर पर ट्रेंड करने लगी है। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने भी ट्विटर पर फिल्म से संबंधित जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में बताया कि इस फिल्म का निर्माण हिन्दी और पंजाबी में किया जाएगा। अभिषेक अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, अग्निहोत्री और पल्लवी जोशी द्वारा इस फिल्म का निर्माण किया जाएगा।

सालों बाद अमिताभ के साथ काम करेंगे डैनी, सारिका भी कर रही हैं ऊंचाईसे कमबैक

सूरज बडजात्या की आगामी फिल्म ऊंचाई की कास्ट में अमिताभ बच्चन, बोमन ईरानी और परिणीति चोपड़ा के साथ अब इंडस्ट्री के दो दिग्गज कलाकारों का नाम और जुड़ गया है. इस फिल्म के जरिए डैनी डेन्जोंगपा सालों बाद अमिताभ बच्चन के साथ काम करने जा रहे हैं. डैनी के अलावा फिल्म से अभिनेत्री सारिका का नाम भी जुड़ा है, जो लंबे समय के बाद फिल्मी पर्दे पर अपना कमबैक करने की तैयारी में हैं. हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं जैसी क्लासिक और पारिवारिक फिल्में बनाने वाले फिल्मकार सूरज बडजात्या निर्देशक के तौर पर अपनी सातवीं फिल्म ऊंचाई की तैयारियों में जुटे हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार, अमिताभ बच्चन, परिणीति चोपड़ा, अनुपम खेर और बोमन ईरानी के साथ फिल्म ऊंचाई में सारिका और डैनी डेन्जोंगपा भी नजर आएंगे. फिल्म की शूटिंग इस साल अक्टूबर में शुरू होगी. शूटिंग के शुरुआती ४० दिन के लिए शूटिंग लोकेशन को नेपाल में रखा गया है. सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि यह फिल्म चार दोस्तों की जिंदगी की एक प्यारी सी खूबसूरत कहानी पर आधारित होगी. इन दोस्तों की उम्र ६० से ऊपर दर्शायी जाएगी. ये चार दोस्त होंगे- अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, डैनी डेन्जोंगपा और बोमन ईरानी. सारिका और परिणीति के अलावा फिल्म के फीमेल किरदारों में नीना गुप्ता भी शामिल हैं.

# पद के जरिये समाज सेवा का सुअवसर

राजशेखर चौबे

नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को राजा के सामने लाया गया। कौन बनेगा करोड़पति में चार विकल्प दिए जाते हैं परंतु राजा ने अपराधी को दो विकल्प दिए। पहला, फांसी और दूसरा गुप्त सजा। स्वाभाविक रूप से उसने दूसरा विकल्प चुना। हम भी चुनाव में कई बार दूसरा विकल्प चुन लेते हैं और पांच या दस साल तक पछताते हैं। उसके साथ भी वही हुआ। दूसरी गुप्त सजा थी कोड़े मार–मार कर मौत के घाट उतार देना। रिसोर्ट का रुख करने वाले विधायकों के विकल्पों की जानकारी दुर्लभ है। अलग चाल, चरित्र और चेहरे का दावा करने वाले दल में शामिल होने वाले दक्षिण के एक विधायक ने अलग बयान दिया और बताया कि दो विकल्प दिए गए थे। पहला, नोट और दूसरा, पद। उन्होंने दूसरा विकल्प चुना। पहला विकल्प उन्हें मिला या नहीं इसकी सूचना नहीं है। फिलहाल उन्हें दूसरा विकल्प भी नहीं मिला है। वे किसी पुराने दलबदलू से एक्सपर्ट ओपिनियन ले सकते हैं। शायद हम सबको मालूम है कि दूसरे से पहला अर्जित किया जा सकता है।

जो हिंदी प्रेमी इस बात से दुखी हैं कि देश में अंग्रेजी के लिए एक और हिंदी के लिए दो दबाना पड़ता है। वे अब जान लें कि दूसरे (पद) का महत्व कितना अधिक है। हमारा लोकतंत्र परिपक्व होता जा रहा है। ऐसी पारदर्शिता और स्वीकारोक्ति इंग्लैंड और अमेरिका जैसे पुराने लोकतंत्र के लिए भी अभी तक एक अभिलाषा ही है। केंद्र सरकार को बचाने के लिए देशहित में एक क्षेत्रीय दल के सांसदों के बैंक खातों में रुपये डाले गए। सरकार और वे सांसद बच गए क्योंकि संसद में सांसद के व्यवहार को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। तत्कालीन मुखिया को रिश्वत के आरोप पर अवश्य ही अपने अंतिम समय में न्यायालयों के चक्कर काटने पड़े। इसी तरह हॉर्स ट्रेडिंग (खरीद–फरोख्त) के प्रमाण जुटाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों ने पता नहीं कितने चक्कर काटे होंगे परंतु चूंकि पृथ्वी गोल है अत: वे वापस उसी स्थान पर पहुंच जाते हैं। अब वे इन विधायक की मदद ले सकते हैं कि उन्हें किसने और कितना ऑफर दिया था? दूसरों के ऑफर और उनके ऑफर में क्या अंतर था? यह खुलासा धनलोलुप भावी दलबदलुओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। प्राय: नेता गोल–मोल बात करते हैं

# विधायक आदेश चौहान ने किया विकास कार्यो का उद्घाटन



हरिद्वार। विधायक आदेश चौहान ने रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जगजीतपुर के वार्ड नंबर 54 गुरुकुल कांगड़ी व वार्ड नंबर 57 जगजीतपुर में सड़कों व नालियों का निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। विधायक आदेश चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में क्षेत्र का चौमुखी विकास किया जा रहा है। हरिद्वार नगर निगम की सीमा में बनी नई कालोनियों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। आदेश चौहान ने कहा चुनाव नजदीक आते ही विपक्षी पार्टियां जनता को बरगलाने के लिए तरह–तरह के प्रलोभन देकर उकसाने का कार्य कर रही है। लेकिन क्षेत्र की जनता समझदार है और वह सच्चाई को भलीभांति जानती है।जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियों को कड़ा जवाब देकर भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है। पार्षद मनोज प्रालिया ने कहा कि रानीपुर विधायक आदेश चौहान जनता की समस्या के निवारण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया है इसलिए जनता भी उनके एहसानों का जवाब वोट देकर चुकाईगी। अगली विधानसभा चुनाव में भी रानीपुर सीट से आदेश चौहान की जीत तय है। मनोज ने कहा कि उनका प्रयास है कि उनका वार्ड स्वच्छ तथा सुंदर बनाने एवं समस्याओं से मुक्त हो वही उनके द्वारा अपने वार्ड में पक्की सड़कें तथा नालियों का निर्माण बनवाने का कार्य भी लगातार किया जा रहा है। पार्षद नागेंद्र राणा ने कहा कि विधायक आदेश चौहान के नेतृत्व में पूरे जगजीतपुर क्षेत्र के सभी वार्डो का समग्र विकास कराया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद विकास कुमार पार्षद विपिन शर्मा, अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री संजय सिंह, कमल प्रधान, अमित वालिया, समाजसेवी कमल राजपूत, सन्नी पारचे, पूर्व प्रधान श्यामसुंदर, रामेश्वर प्रसाद, आदित्य, राजकुमार, विनोद, मोहित, सुमित कटारिया, अंकित, ऋषिपाल, बबलू, सरवन, राहुल, सुबे सिंह, पंकज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौरव कौशिक के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल

हरिद्वार। मायापुर स्थित श्रवण नाथ पार्क आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के पूर्व महानगर उपाध्यक्ष नीरव साह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने युवाओं और महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष संजय अग्रवाल और संचालन युवा नेता गौरव कालरा ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि प्रदेश के युवाओं और मातृशक्ति का भाजपा से मोहभंग हो रहा है। प्रदेश की जनता कांग्रेस की नीतियों से जुड़कर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प ले रही है। गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल जैसे बुनियादी मुद्दों पर सरकार की विफलता सबके सामने है। उन्होंने कहा की तीर्थ नगरी हरिद्वार में कोविड–19 जांच घोटाला और महाकुंभ 2021 में निर्माण कार्य में हुआ भारी वित्तीय भ्रष्टाचार भाजपा के चरित्र को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा पर कांग्रेस का संघर्ष रंग लाया और सरकार यात्रा प्रारंभ करने को मजबूर हुई। इस दौरान



भाजपा छोड़कर कांग्रेस में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक प्रतिनिधि विमल शर्मा और भाजपा के युवा नेता गौरव कौशिक एवं उनके साथियों अमन यादव, हेमंत चंचल, विक्रांत पाटील आदि का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि युवाओं और महिलाओं के बलबूते कांग्रेस परिवर्तन के संकल्प को पूरा करेगी और तीर्थ नगरी हरिद्वार की मर्यादा और विकास के लिए समर्पित भाव से काम करेगी। उन्होंने युवाओं का कांग्रेस में स्वागत करते हुए कहा कि सबका सम्मान और सब की प्रतिभा का उपयोग रचनात्मक सरोकारों के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर अनीता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पालीवाल, अरविंद शर्मा, मुरली मनोहर, पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवान आदि ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कांग्रेस में सम्मिलित होने वालों में प्रियव्रत तोमर, गौरव, दीपक कुमार सिंह, बॉबी सैनी, प्रिंस उपाध्याय, सूरज त्यागी, आरती शर्मा, ,भावना उपाध्याय, आरती उपाधाय, बबीता, ममता मनोचा, रितिका मनोचा, अन्नू, प्रेरणा, दीपाली पाल, सोमवती, अनीता, आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# गुरू ही भक्तो के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं : श्रीमहंत राजेंद्रदास

हरिद्वार। अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्र दास महाराज ने कहा है कि गुरु शिष्य परंपरा संपूर्ण विश्व में भारत को महान बनाती है और भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म विश्व का मार्गदर्शन कर समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। मध्य हरिद्वार स्थित सिद्ध पीठ श्री रामानंद आश्रम में आयोजित गुरु स्मृति पर्व पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए श्रीमहंत राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि गुरु ही अपने भक्तों को ज्ञान की प्रेरणा देकर उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। गुरु के प्रति श्रद्धा और भाव निष्ठा एवं कर्तव्य प्रत्येक शिक्षा के मूल सिद्धांत है और जिस पर गुरु शिष्य परंपरा की आधारशिला टिकी है। जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी अयोध्याचार्य महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। जो अपने शिष्य का संरक्षण कर उसके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुरु के प्रति समर्पण भाव रखना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। राजकोट गुजरात से आए श्रीमहंत रामभूषण दास महाराज ने कहा कि गुरु ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप है और गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति असंभव है। व्यक्ति चाहे किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हो, उसे गुरु की आवश्यकता पड़ती ही है। गुरु के प्रति अपार श्रद्धा शिष्य को महान बनाती है और योग्य गुरु को ही सुयोग्य शिष्य की प्राप्ति होती है। महामंडलेश्वर भगवान दास बापू महाराज ने कहा कि संत महापुरुषों का जीवन सदैव परोपकार को समर्पित रहता है और निर्मल जल के समान जीवन व्यतीत करने वाले संत महापुरुष सदैव ही समाज को ज्ञान की प्रेरणा देते हैं। संत परंपरा सनातन संस्कृति की रीढ़ है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुरु द्वारा दिए गए संस्कार अपनाकर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए और अपने जीवन को कृतार्थ करना चाहिए। इस अवसर परश्रीमहंत रामकिशोर दास बाबा हठयोगी, श्री महंत हरिदास, महंत गोविंद दास, महंत श्याम प्रकाश, योगी पवित्र दास, महंत दिनेश दास, महंत शंभू दास, महंत प्रेमदास, महंत दुर्गादास, श्रीमहंत विष्णु दास, महंत रघुवीर दास, महंत बिहारी शरण, महंत अंकित शरण, महंत सूरज दास, महंत प्रसाद दास, महंत नारायण दास पटवारी, महंत प्रमोद दास आदि संतजन उपस्थित रहे।

# हर्ष वर्मा अध्यक्ष व अश्विनी गोयल बने व्यापार मंडल के महामंत्री

हरिद्वार। जिला व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश गुलाटी, जिला महामंत्री संजीव नैयर, जिला युवा जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा, शहर व्यापार मंडल ज्वालापुर (प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल,उत्तराखंड) के संरक्षकगण रवि धींगरा, राकेश मल्होत्रा, अमर कुमार, प्रवीण कुमार, रविंद्र सिंघल,एवं अध्यक्ष विपिन गुप्ता, महामंत्री विक्की तनेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम पाहवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश विरमानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार के संयुक्त नेतृत्व में कटहरा बाजार एवम गुरुद्वारा रोड व्यापार मंडल के व्यापारी वर्ग के साथ बैठक संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता जगदीश अरोड़ा ने की एवम संचालन अध्यक्ष विपिन गुप्ता एवम महामंत्री विक्की तनेजा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर दोनों बाजारों की व्यापार मंडल इकाई का एक साथ विलय करके कटहरा बाजार व्यापार मंडल ज्वालापुर इकाई का पुनर्गठन किया गया। शहर अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने सभी मुख्य पदों पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की एवम शहर महामंत्री विक्की तनेजा ने सभी चयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई । नवनियुक्त पदाधिकारियों में अध्यक्ष हर्ष वर्मा, वरि,उपाध्यक्ष कमल अरोड़ा, महामंत्री अश्वनी गोयल, कोषाध्यक्ष अमित झांब, सह कोषाध्यक्ष संजय सिंघल, कोषाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष शिवम बंसल, उपाध्यक्ष निमिष गोयल, संगठन सचिव विनोद खुराना, मीडिया प्रभारी देवम मेहता, सदस्य कार्यकारिणी सुमित दरगन, जगमोहन सिंह, अनूप वर्मा, मोहम्मद शाहिद, मोहमद जिशान अंसारी आदि शामिल

# सनातन धर्म में पितृपक्ष का है बहुत अधिक महत्व,

देहरादून / ऋषिकेश । 19 सितम्बर 2021

इस वर्ष पितृपक्ष तिथि घटने से पूरे राष्ट्र के लिए है शुभ

सनातन धर्म में पितृ पक्ष का बहुत अधिक महत्व होता है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष के नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

उत्तराखंड ज्योतिष रत्न आचार्य डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल का कहना है कि–

पितृपक्ष में विधि– विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आर्शावाद प्राप्त होता है। पितृ पक्ष की शुरुआत भाद्र मास में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से होता है। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि तक पितृ पक्ष रहता है।

पितृ पक्ष आरंभ और समापन की तारीख इस साल 20 सितंबर 2021 से पितृ पक्ष आरंभ हो जाएगा और 6 अक्टूबर 2021 को पितृ पक्ष का समापन हो जाएगा। पितृ पक्ष में मृत्यु की तिथि के अनुसार

**पितृ पक्ष में श्राद्ध की तिथियां–**
**पूर्णिमा श्राद्ध – 20 सितंबर 2021**
**प्रतिपदा श्राद्ध – 21 सितंबर 2021**
**द्वितीया श्राद्ध – 22 सितंबर 2021**
**तृतीया श्राद्ध – 23 सितंबर 2021**
**चतुर्थी श्राद्ध – 24 सितंबर 2021**
**पंचमी श्राद्ध – 25 सितंबर 2021**
**षष्ठी श्राद्ध – 27 सितंबर 2021**
**सप्तमी श्राद्ध – 28 सितंबर 2021**
**अष्टमी श्राद्ध– 29 सितंबर 2021**
**नवमी श्राद्ध – 30 सितंबर 2021**
**दशमी श्राद्ध – 1 अक्तूबर 2021**
**एकादशी श्राद्ध – 2 अक्तूबर 2021**
**द्वादशी श्राद्ध– 3 अक्तूबर 2021**
**त्रयोदशी श्राद्ध – 4 अक्तूबर 2021**
**चतुर्दशी श्राद्ध– 5 अक्तूबर 2021**
**अमावस्या श्राद्ध– 6 अक्तूबर 2021**

श्राद्ध किया जाता है। अगर किसी मृत व्यक्ति की तिथि ज्ञात न हो तो ऐसी स्थिति में अमावस्या तिथि पर श्राद्ध किया जाता है। इस दिन सर्वपितृ श्राद्ध योग माना जाता है। यहां तक की शस्त्र की चोट से ब्राह्मण के श्राप से ऊंचे स्थान से गिरने से भी जिनकी मृत्यु होती है उनका श्राद्ध भी इस दिन करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इस साल 26 सितंबर को श्राद्ध तिथि नहीं है। और श्राद्ध तिथि का घटना शास्त्र की दृष्टि में बहुत शुभ माना जाता है यदि आगे नवरात्र की तिथि बढ़ रही हो तो पूरे देश के लिए शुभ संकेत होता है।

**जानिए पितृपक्ष का महत्व**

पितृ पक्ष में पितर संबंधित कार्य करने से व्यक्ति का जीवन खुशियों से भर जाता है। पितरों का स्थान शास्त्र में देवताओं से भी पूजनीय माना गया है क्योंकि देवता तो सभी के लिए पूज्य होते हैं परंतु अपने गोत्र के पितर उस गोत्र के व्यक्तियों द्वारा ही पूजे जाते हैं। इस पक्ष में श्राद्ध तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और आर्शीवाद देते हैं। पितर दोष से मुक्ति के लिए इस पक्ष में श्राद्ध, तर्पण करना शुभ होता है।

श्राद्ध विधि

श्रीमद् भागवत व्यास पीठ पर विराजमान होने वाले आचार्य डॉक्टर चंडी प्रसाद बताते हैं कि–

किसी सुयोग्य विद्वान ब्राह्मण के जरिए ही श्राद्ध कर्म (पिंड दान, तर्पण) करवाना चाहिए। श्राद्ध कर्म में पूरी श्रद्धा से ब्राह्मणों को तो दान दिया ही जाता है साथ ही यदि किसी गरीब, जरूरतमंद की सहायता भी आप कर सकें तो बहुत पुण्य मिलता है। इसके साथ–साथ गाय, कुत्ते, कौवे आदि पशु–पक्षियों के लिए भी भोजन का एक अंश जरूर डालना चाहिए।

यदि संभव हो तो गंगा नदी के किनारे पर श्राद्ध कर्म करवाना चाहिए। यदि यह संभव न हो तो घर पर भी इसे किया जा सकता है। जिस दिन श्राद्ध हो उस दिन ब्राह्मणों को भोज करवाना चाहिए। भोजन के बाद दान दक्षिणा देकर भी उन्हें संतुष्ट करें।

श्राद्ध पूजा दोपहर के समय शुरू करनी चाहिए. योग्य ब्राह्मण की सहायता से मंत्रोच्चारण करें और पूजा के पश्चात जल से तर्पण करें। इसके बाद जो भोग लगाया जा रहा है उसमें से गाय, कुत्ते, कौवे आदि का हिस्सा अलग कर देना चाहिए। इन्हें भोजन डालते समय अपने पितरों का स्मरण करना चाहिए. मन ही मन उनसे श्राद्ध ग्रहण करने का निवेदन करना चाहिए।

**श्राद्ध पूजा की सामग्रीः**

रोली, सिंदूर, छोटी सुपारी , रक्षा सूत्र, चावल, जनेऊ, जॉ तिल सफेद चंदन कांसे की थाली तुलसी के पत्ते सफेद फूल दूर्वा घास शालिग्राम के ऊपर तर्पण करने चाहिए अर्पण काजल पूरे घर में छिड़कना चाहिए।

**आचार्य का परिचय**

नाम–आचार्य डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल

पब्लिक सर्विस कमीशन उत्तराखंड से चयनित प्रवक्ता संस्कृत।

निवास स्थान– धर्मपुर चौक के पास अजबपुर रोड पर मोथरोवाला टेंपो स्टैंड 56 / 1 धर्मपुर देहरादून, उत्तराखंड।

मोबाइल नंबर–9411153845

**उपलब्धियां**

वर्ष 2015 में शिक्षा विभाग में प्रथम गवर्नर अवार्ड से सम्मानित वर्ष 2016 में। सटीक भविष्यवाणी पर उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत सरकार ने दी उत्तराखंड ज्योतिष रत्न की मानद उपाधि। त्रिवेंद्र सरकार ने दिया ज्योतिष विभूषण सम्मान। वर्ष 2013 में केदारनाथ आपदा की सबसे पहले भविष्यवाणी की थी। इसलिए 2015 से 2018 तक लगातार एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त हुआ। ज्योतिष में इस वर्ष 5 सितंबर 2020 को प्रथम वर्चुअल टीचर्स राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त किया। वर्ष 2019 में अमर उजाला की ओर से आयोजित ज्योतिष महासम्मेलन में ग्राफिक एरा में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दिया ज्योतिष वैज्ञानिक सम्मान।

# मुख्यमंत्री ने किया मसूरी विधानसभा क्षेत्र की 70 करोड़ रूपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**⏭ मसूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने की 14 घोषणाएं**

**⏭आगामी 10 सालो में उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जायेगा : सीएम**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सर्वे ऑफ इण्डिया परिसर में मसूरी विधानसभा क्षेत्र की लगभग 70 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बहल चौक से सर्वे ऑफ इण्डिया तक जन आशीर्वाद रैली में भी प्रतिभाग किया।

**मसूरी विधानसभा क्षेत्र की मुख्यमंत्री की घोषणाएं**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मसूरी विधानसभा के लिए 14 घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वार्ड 05 धोरणखास, वार्ड 07 जाखन, वार्ड 08 सालावाला, वार्ड 09 आर्यनगर, वार्ड 10 डोभालवाला, वार्ड 11 विजय कालोनी सहित बिलासपुर काडली, जैतनवाला एवं मंसदावाला में सड़कों का पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण किया जाऐगा। विजय कालोनी, पथरिया पीर, नीलकण्ठ विहार, इंदिरा कालोनी चुक्खुवाला क्षेत्र में सीवर लाईन निर्माण का कार्य किया जायेगा। सिगली. हल्दूवाला (संतला देवी), भितरली एवं मसंदावाला में झील का निर्माण किया जायेगा। वार्ड 08 सालावाला में न्यू कैंट रोड़ से सालावाला की ओर जाने वाले मार्ग पर पुल निर्माण किया जायेगा। ग्राम पंचायत रिखोली के सोलाह गांव में विद्युतीकरण का कार्य किया जाऐगा। सरोना न्याय पंचायत क्षेत्र के अर्न्तगत 05 किमी आन्तरिक सीसी सड़कों एवं पुश्तों का निर्माण किया जायेगा। ग्राम पंचायत चामासारी में पशु सेवा केन्द्र बनाया जायेगा। ग्राम पंचायत चामासारी के तल्यानीगाड गांव हेतु राजपुर टोल से सिमयाना तक 04 किमी सड़क का निर्माण किया जायेगा। ग्राम पंचायत सेरागांव के अर्न्तगत सिलकोटी में पुल निर्माण किया जाएगा। ग्राम पंचायत सरोना के छोटी छमरोली से डोमकोट तक 04 किमी सड़क निर्माण किया जायेगा। ग्राम पंचायत सिल्ला के अर्न्तगत शेरा- सिल्ला-डबराना गढ़-बुरासखण्डा तक 10 किमी सड़क निर्माण किया जायेगा। ग्राम पंचायत सिल्ला के शेरा, भूमिसरो काडद, काणीगाड आदि क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा कार्य किया जायेगा। सहस्त्रधारा नहर के भूमिगत भाग में आरसीसी पाईप बिछाने का कार्य किया जायेगा। जिला पंचायत चन्द्रोटी में 5 किमी आन्तरिक सड़कों एवं पुश्तों का निर्माण किया जायेगा।

**मुख्यमंत्री द्वारा किये गये महत्वपूर्ण लोकार्पण एवं शिलान्यास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का लोकार्पण किया उनमें 05 करोड़ रूपये की लागत के देहरादून-किमाड़ी-लम्बीधार-होलोक कम्पनी गार्डन मोटर मार्ग में 30 एम.एम. बी.सी. द्वारा सतह सुधार का कार्य, 04 करोड़ 71 लाख की रूपये की लागत के देहरादून-मसूरी राज्यमार्ग संख्या-01 में दिलाराम चौक से कुठालगेट तक बी.सी द्वारा मार्ग का सतह सुधार का कार्य, 04 करोड़ 54 लाख रूपये की लागत के राजपुर से कुठालगेट मोटर मार्ग में 30 एम.एम.बी.सी. द्वारा सतह सुधार का कार्य, हाथीबड़कला-मालसी मोटर मार्ग तथा स्नोव्यू -झड़ीपानी बार्लोगंज मसूरी मोटर मार्ग में 30 एम.एम.बी.सी. द्वारा सतह सुधार का कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री ने जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें 05 करोड़ 22 लाख रूपये की अनुमानित लागत के सहस्त्रधारा-चामासारी मोटर मार्ग का डामरीकरण का कार्य, 04 करोड़ 89 लाख की अनुमानित लागत के कालीदास रोड, पुनर्गठन सीवरेज योजना का कार्य, 03 करोड़ 23 लाख की अनुमानित लागत के मसूरी विधानसभा अन्तर्गत सड़कों का निर्माण कार्य एवं 02 करोड़ 25 लाख रूपये की अनुमानित लागत के अनारवाला पेयजल योजना का सुदृढ़ीकरण का कार्य शामिल है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पदचिन्हों पर चलकर किये जा रहे हैं राज्य में विकास कार्य-सीएम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पदचिन्हों पर चलकर राज्य में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि जब मैं प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली गया तो मुझे मिलने के लिए मात्र 15 मिनट का समय मिला था, लेकिन प्रधानमंत्री जी ने 1घण्टे 40 मिनट तक उत्तराखण्ड से जुड़े अनेक पहलुओं पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि राज्य को हरसंभव मदद दी जायेगी। केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को आगे बढ़ाने के साथ ही राज्य में भी अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पंक्ति तक खड़े लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले।

**रोजगार और स्वरोजगार पर सरकार का विशेष ध्यान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवाओं को प्रदेश में रोजगार एवं स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर मिले इसके लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। राज्य में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। ये भर्ती प्रक्रिया जल्द पूर्ण की जाएगी। स्वरोजगार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का मूलमंत्र है। जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यों के सरलीकरण, समाधान निस्तारण एवं उनकी संतुष्टि भी हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जिलों में शिविरों के माध्यम से आम जनमानस तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश को अगले 10 सालों में विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन, कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि हमारे वीर सैनिकों एवं राज्य आन्दोलनकारियों की भूमि है, इनके सपनों के अनुरूप राज्य का विकास हो, इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

**देवभूमि एवं वीरभूमि उत्तराखण्ड के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध- सैनिक कल्याण मंत्री**

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए सीएम द्वारा की गई घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ वीरभूमि भी है। देश की रक्षा के लिए हमारे जवानों ने हमेशा अपना सर्वस्व दिया है। युद्ध में किसी भी सैनिक या अर्द्धसैन्य बलों के जवानों की वीरगति होने पर राज्य सरकार द्वारा उनके एक आश्रित को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर राज्याधीन सेवाओं में नौकरी दी जा रही है। सैनिकों के कल्याण के राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## जैन समाज ने अनंत चतुर्दशी पर्व हर्षोल्लास से मनाया



देहरादून। जैन मुनि विबुध्द सागर व क्षुल्लक समर्पण सागर महाराज के परम सानिध्य में दिगम्बर जैन समाज की ओर से मनाए जा रहे दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन रविवार को सभी जैन मंदिरों में अनंत चतुर्दशी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। जैन मंदिरों में श्रद्धालु उमड़े, अनंतनाथ भगवान की पूजा की गई। विभिन्न मंदिरों में भगवान का कलषाभिषेक किया गया। पर्युषण पर्व के अंतिम दिन जैन समाज के लोगों ने व्रत रखा और व्रत पूरे होने पर अनेक व्रत का उद्यापन किया। इसके तहत मंदिरों में प्रात:काल जाप, अभिषेक, वृहद शांतिधारा, नित्य नियम पूजन किया गया। इस मौके पर प्रवचन भक्ति में मुनि श्री जी ने कहा कि समस्त धर्मों का राजा ब्रह्मचर्य धर्म है। ब्रह्मचर्य यानि ब्रह्म स्वरूप आत्मा में चर्या करना लीन होना। उसका आस्वादन करना ही वास्तविक उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। उत्तम ब्रह्मचर्य सभी जीवों को अपने अंतरंग में धारण करना चाहिए। जो भी आयु में अपने से बड़ी स्त्रियां हैं, उन्हें माता के समान, अपने समान आयु की स्त्रियों को बहन के समान तथा अपने से छोटी स्त्रियों को बेटी के समान देखना चाहिए। मुख्य लड्डू चंद्रसेन जैन, विनोद कुमार जैन ने चढ़ाया। इस अवसर पर दोपहर को धर्मशाला प्रांगण में भव्य पालकी यात्रा तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम व पारणा महोत्सव सौरभ सागर सेवा समिति द्वारा किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति के साथ अनंत चतुर्दशी कार्यक्रमों का आनंद पूर्वक पुण्यार्जन किया। इस अवसर पर जैन भवन मंत्री संदीप जैन ने बताया कि 21 सितंबर सुबह 9 बजे क्षमावाणी महापर्व जैन मिलन देहरादून के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी मधु सचिन जैन, महामंत्री हर्ष जैन, आशीष जैन, अर्जुन जैन, अमित जैन, अजित जैन, नरेश चंद जैन, सचिन जैन, ममलेश जैन, सुनील जैन, सुखमाल जैन आदि मौजूद रहे।

## कूर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद शाखा प्रेमनगर के द्विवार्षिक चुनाव हुआ

देहरादून। कूर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद शाखा प्रेमनगर के द्विवार्षिक चुनाव में भगवान सिंह रावत को अध्यक्ष, हंसा धामी को सचिव चुना गया। अन्य पदों पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंदी चन्द, उपाध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, महिला उपाध्यक्ष पुष्पा भट्ट, कोषाध्यक्ष कैलाश फ卐याल, प्रचार प्रसार सचिव नरेंद्र सिंह धामी, नीलम धामी, संगठन सचिव इंद्रवीर, द्रोपती देवी, सांस्कृतिक सचिव जगदीश बोहरा, लीला पयाल, लेखा परीक्षक ईश्वर दत्त भट्ट, कानूनी सलाहकार दिगंबर सिंह नेगी को निर्विरोध चुना गया। संरक्षक पद पर हरि सिंह बिष्ट, गंगा धामी व गंगा देवी को नामित किया। चुनाव अधिकारी हेमलता बिष्ट, गगन वर्मा की निगरानी में चुनाव हुए। कालीदास रोड स्थित सैनिक कल्याण निदेशालय के शिव-गौरी मंदिर परिसर में कूर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद शाखा हाथीबड़कला की बैठक द्विवार्षिक चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष उत्तम सिंह अधिकारी एवं संचालन शाखा सचिव विजय बिष्ट ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शाखा हाथीबड़कला के द्विवार्षिक चुनाव 10 अक्तूबर को कराए जाएंगे द्य सभा में उपस्थित केंद्रीय संरक्षक आरएस परिहार ने चुनाव का विस्तृत प्रचार-प्रसार करने एवं शाखा में अधिक से अधिक सदस्यों को जोडने पर बल दिया। केंद्रीय अध्यक्ष कमल सिंह रजवार से चुनाव हेतु पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करने का अनुरोध किया गया। इसके साथ ही विभिन्न मुद्दों पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। सभा में कांता बिष्ट, कमल सिंह रजवार, बहादुर सिंह बिष्ट, आरएस परिहार, मंगल सिंह बिष्ट, चंद्रशेखर रूवाली, मोहन सिंह बिष्ट, रामदत्त जोशी, जीत सिंह नेगी, भुवन सिंह बिष्ट आदि ने प्रतिभाग किया।

# संक्षिप्त समाचार

## गांवों में बिना सत्यापन वाले फेरीवाले आये तो पुलिस को दे सूचना : एसएसपी

श्रीनगर गढ़वाल। पौड़ी पुलिस अधीक्षक पी.रेणुका देवी ने श्रीनगर क्षेत्र के चेक पोस्टों का निरीक्षण किया साथ ही नियुक्त पुलिस कर्मियों को डयूटी के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही देहलचौरी क्षेत्र में पहुंचकर स्थानीय लोगों से वार्तालाप कर क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस द्वारा अपनाए जा रहे विभिन्न विषयों के बारे में बताया गया। देहलचौरी पहुंची एसएसपी पौड़ी पी.रेणुका देवी ने स्थानीय लोगों से कहा कि यदि कोई क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री या तरस्की करता है या कोई फेरी वाला या अनजान व्यक्ति पहुंचता है तो उसकी जानकारी पुलिस को दे। कहा कि बिना सत्यापन के फेरीवाला पहुंचे तो उसकी सूचना सीधे पुलिस को दे। ताकि पुलिस बिना सत्यापन के घूम रहे व्यक्ति से त्वरित पूछताछ कर सके। इसके साथ ही उन्होंने कोविड गाइडलाइन का सभी को पालन करने की अपील की। इसके साथ ही एसएसपी ने आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने वाली महिला पुलिस कर्मियों के साथ बैठक करते हुए प्रतिदिन योगा-पीटी कर प्रोटीन युक्त भोजन लेने की सलाह दी। जबकि महिला पुलिस पर अचानक हमला होने की स्थिति में अपने पास छोटा चाकू, सेफ्टी पिन, नाइफ पेन रखने के साथ ही महिला थाने में शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं को आत्मरक्षा के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिये।

## फर्जी एटीएम बनाकर खाते से निकाले 80 हजार रुपये

नईटिहरी। घनसाली तहसील के ढुंगमंदार पट्टी के ग्राम मंदार निवासी एक व्यक्ति का फर्जी एटीएम बनाकर अलग-अलग स्थानों पर पैसा खर्च किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीडिघ्त व्यक्ति ने एसएसपी से मिलकर खाते से निकाली गई धनराशि वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है। घनसाली के मंदार निवासी निवासी बचन सिंह एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वह लंबे समय से विदेश में नौकरी करते थे। उनका पीएनबी घनसाली में खाता है। लेकिन जून 2018 से जनवरी 2021 के बीच अलग-अलग समय पर उनके खाते से 80 हजार नौ सौ रुपये की धनराशि एटीएम से निकाली गई। लेकिन कई बार शिकायत करने पर भी बैंक प्रबंध न धनराशि वापस दिलाने के लिए कार्रवाई नहीं कर रहा है। बताया कि कोरोना के कारण जब वह विदेश से गांव लौटे तो, उन्होंने पासबुक इंट्री करवाई, जिसमें से धनराशि गायब मिली। बैंक से संपर्क करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। इसके बाद थाना घनसाली को भी लिखित में शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि बैंक स्टेटमेंट में क्वींडांग और तपोवन एटीएम से धनराशि निकालने की लोकेशन दर्ज हो रखी है। साथ ही इसी एटीएम से पेट्रोल पंप घनसाली से भी तेल भरवाया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि किसी व्यक्ति ने बैंक के साथ मिलकर दूसरा एटीएम बनाया है। उन्होंने एसएसपी से निकाली गई धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई। वहीं मामले में एसएसपी तृप्ति भट्ट ने थानाध्यक्ष घनसाली को तत्काल कार्रवाई कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## चौकीदार की हत्या में अज्ञात पर हत्या का मुकदमा

रुड़की। धान मिल के चौकीदार का शव देर शाम पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को दे दिया गया। परिजन शव अपने पैतृक गांव बाबरी (शामली) ले गए, जहां रविवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया। उधर, पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।। शामली (उत्तर प्रदेश) के बाबरी निवासी पालेराम पुत्र गंगाराम लक्सर के अकबरपुर ऊद स्थित धान मिल में चौकीदार थे। फिलहाल ऑफ सीजन में मिल बंद थी, लिहाजा पालेराम मिल परिसर में अकेले रहते थे। शनिवार को पालेराम का शव उसके कमरे में पड़ा मिला था। शव के सिर पर धारदार हथियार से वार करने के निशान थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के बेटे राजकुमार के सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद परिजन रात में ही शव को साथ लेकर अपने गांव चले गए। रविवार सुबह रिश्तेदारों और ग्रामीणों की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया। उधर, मृतक के बेटे राजकुमार ने शनिवार शाम को ही घटना की तहरीर कोतवाली में दे दी थी। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल प्रदीप चौहान ने बताया कि पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्दी ही हत्यारों की शिनाख्त कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## विधायक ने किया सवा करोड़ की सड़क का शिलान्यास

रुड़की। भाजपा विधायक संजय गुप्ता ने लक्सर विधानसभा के सीधड़ू गांव से ऐथल बुजुर्ग तक प्रस्तावित 1.16 करोड़ की सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि उनके प्रस्ताव पर सरकार ने साढ़े तीन किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए राज्य सेक्टर से बजट मंजूर किया है। लक्सर विधायक गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा लक्सर विधानसभा में कई विकास कार्यों के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। इनमें ज्यादातर प्रस्ताव सड़कों के निर्माण से संबंधित थे। इनमें सरकार ने सीधड़ू से ऐथल के बीच प्रस्तावित साढ़े तीन किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके लिए राज्य योजना से 1 करोड़ 16 लाख रुपये का बजट भी मंजूर किया गया है। रविवार दोपहर बाद विधायक ने सीधड़ू गांव पहुंचकर प्रस्तावित सड़क के निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सरकार विकास योजनाओं की मंजूरी और क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दे रही है। खासकर देहात क्षेत्र में ज्यादा योजनाएं लागू की जा रही हैं। इससे पूर्व राजेश गुप्ता, अरविंद सैनी, अमित सैनी, जगपाल, विनोद कुमार, मोहित कुमार, विनय गुप्ता, यशपाल धीमान, अमरीश कुमार, मोनू, इरफान, तेलूराम, निर्भय सिंह, सुरेश कुमार, प्रवेज, इरशाद, शमशाद आदि ने विधायक का स्वागत भी किया।

# चारधाम यात्राः यात्रा मार्ग पर दिखने लगी रौनक , बदरीनाथ धाम के लिए हेली सेवा शुरू

चमोली। चारधाम यात्रा शुरू के बाद धीरे-धीरे ही सही यात्रा पथ पर कुछ चहल पहल दिखने लगी। एक लम्बे इंतजार के बाद व्यवसाइयों के प्रतिष्ठानों पर यात्रियों के रूप में ग्राहकों के आवागमन से रौनक दिख रही है। केदार दर्शन कर यात्री चोपता से होते हुये गोपेश्वर से गुजरते हुये चमोली से बदरीनाथ की ओर बढ़ रहे हैं। चोपता , मंडल के बीच सुन्दर प्राकृतिक दृश्यों को देख कर यात्री अविभूत हैं । हाईकोर्ट नैनीताल की रोक हटाने के बाद शनिवार से शुरू हुई चारधाम यात्रा के तहत बदरीनाथ, हेमकुंड यात्रा पर धीरे-धीरे रौनक शुरू होने लगी है। रविवार को बदरीनाथ धाम के लिए हेली सेवा भी शुरू हो गयी है। इस हेलीकॉप्टर से 6 तीर्थ यात्रियों ने बदरीनाथ धाम में दर्शन किए। हैरिटेज एविशन के कार्डिनेटर विकास जुगरान ने बताया कि हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ आ रहे यात्री अपने साथ डब्बल डोज वैक्सीनेशन व 72 घंटे पूर्व की गयी आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट लेकर आ रहे हैं।

चारधाम यात्रा से चाय से लेकर चौपर ( हवाई ) सेवा के माध्यम से कई लोगों का रोजगार जुड़ा है। इस यात्रा पर पांडुकेश्वर के चाय पकौड़ी के दुकानदार कहते हैं कि यात्रियों के आने से हमारा भी रोजगार चलेगा। इसी तरह रुद्रनाथ के पैदल मार्ग पर खच्चर सुविधा की सेवा दे रहे जीत सिंह कहते कि सड़क से अलग तीर्थ मंदिरों के दर्शन के लिये यात्रियों के आने से दो चार रुपये हमें भी मिल जाते हैं।चारों धामों में बढ़ रही तीर्थ यात्रियों की संख्या- चारों धामों में आज अपराह्न तक 1267 तीर्थ यात्री पहुंचे। जिसमें से श्री बदरीनाथ धाम में 368, श्री केदारनाथ धाम 536 तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए। श्री गंगोत्री में 275 तथा यमुनोत्री धाम में 88 तीर्थ यात्रियों ने दिन तक दर्शन किए। गोविंद घाट गुरुद्वारा से सरदार सेवा सिंह ने देवस्थानम बोर्ड को बताया कि पवित्र गुरूद्वारा हेमकुंड साहिब लोकपाल तीर्थ में आज 72 श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचे। ये है श्रद्धालुओं की निर्धारित संख्या- श्री केदारनाथ धाम में प्रतिदिन 800(आठ सौ), बद्रीनाथ धाम में 1000, गंगोत्री में 600, यमुनोत्री धाम में कुल 400 श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

रजिस्ट्रेशन अनिवार्य- चारधाम यात्रा को उत्तराखंड से बाहर के श्रृद्धालुओं को देहरादून स्मार्ट सिटी पोर्टल प्रत्येक श्रद्धालु को कोविड नेगेटिव रिपोर्ट अथवा वैक्सीन की डबल डोज लगी होने का सर्टिफिकेट जमा करना है। उत्तराखंड प्रदेश के लोगों को स्मार्ट सिटी पोर्टल में पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है।

केदारनाथ धाम के लिए रविवार को 774 यात्री हुए रवाना- केदारनाथ यात्रा को लेकर जहां भक्तों में खुशी है। वहीं यात्रा मार्ग पर भी रौनक बढ़ गई है। रविवार को भी सोनप्रयाग से सांय 4 बजे तक 774 यात्री केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। वहीं बाहरी प्रदेशों के साथ ही स्थानीय लोगों में भी केदारनाथ जाने को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू होते ही बड़ी संख्या में यात्री केदारनाथ धाम की ओर आने लगे हैं। शनिवार को पहले दिन ही 285 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। जबकि रविवार को यह संख्या इससे अधिक रही। मौसम साफ होने के कारण यात्री लगातार केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। वहीं केदारनाथ में कोविड नियमों का पालन करते हुए यात्रियों को दर्शन कराए जा रहे हैं।

पुलिस-प्रशासन की है पूरी नजर- बदरीनाथ और हेमकुंड आने वाले यात्रियों की निर्धारित संख्या और जारी एसओपी के पालन कराने के लिए पुलिस , प्रशासन , और स्वास्थ्य महकमें की पूरी नजर है। गौचर से लेकर पांडुकेश्वर में कोविड जांच की व्यवस्था की गई है। जगह-जगह पर प्रपत्र भी देखे जा रहे हैं। सीएमओ डा. केके अग्रवाल ने बताया बदरीनाथ और गोविन्द घाट में हेल्थ फोर्स भी तैनात की गई है।

डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण- जिला अधिकारी हिमाशु खुराना और पुलिस अधीक्षक यशवन्त सिंह चौहान ने यात्रा शुरू होने से पहले बदरीनाथ हाईवे पर एनएच के अधिकारियों के साथ स्थलीय विजिट की । जिला अधिकारी ने हर वक्त सड़क को चौकस और सुचारु रखने के निर्देश एनएच के आधिकारियों को दिये। पर आल वेदर सड़क निर्माण के कारण अभी सड़क कुछ समय के लिये बाधित हो रही है। रविवार को कर्णप्रयाग के समीप हाईवे कुछ समय के लिए बाधित रहा।

# विधायक चौहान ने किया शीतला नदी पर बनने वाले पुल का शिलान्यास

विकासनगर। कोविड संक्रमण में जनता का उपचार देने के साथ ही प्रदेश सरकार ने विकास के पहिए को भी नहीं रुकने दिया। कोविड काल के दौरान कई योजनाओं को स्वीकृति मिली, जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। हालांकि कोविड संक्रमण के कारण इन योजनाओं को धरातल पर उतारने में कुछ वक्त लगा, लेकिन अब विकास की सभी योजनाओं पर तेजी से काम शुरू हो गया है। सभी योजनाएं अपने निर्धारित समय में पूरी हो जाएंगी। उक्त बातें विकासनगर विधायक मुन्ना चौहान ने शिलान्यास कार्यक्रम में कहीं। विधायक चौहान रविवार को शीतला नदी पर करीब तेरह करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का भूमि पूजन करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इस पुल का शिलान्यास लोक सभा चुनाव से कुछ समय पहले किया गया था। पुल बनने से करीब दो दर्जन गांवों के ग्रामीणों को बरसात में भी सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। पुल निर्माण की मांग लंबे समय से स्थानीय जनता कर रही थी। बताया कि पुल का निर्माण कार्य इसी सप्ताह शुरू कर दिया जाएगा। बताया कि जल्द ही नावघाट में यमुना नदी पर हिमाचल प्रदेश को उत्तराखंड से जोडने वाले पुल का निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया जाएगा। इस पुल के लिए केंद्र सरकार की ओर 43 करोड़ का बजट स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने कहा कि साल भर यातायात की सुगम सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार सड़कों का जाल बिछा रही है। कहा कि विकासनगर विधान सभा में जितने विकास कार्य इन साढ़े चार साल में हुए हैं, उतने पिछले सत्रह साल में नहीं हुए हैं। इस दौरान सभासद धर्मेंद्र ठाकुर, ब्लॉक प्रमुख जसविंद सिंह, जिला पंचायत सदस्य अंजू देवी, नीरू देवी, रचिता ठाकुर, फतेह आलिम, मुकेश शर्मा, सद्दाम, रिकेश शर्मा, जयंती पटवाल, सविता ध्यानी, रोशन नेगी, नीरज ठाकुर, नीरज चौहान, प्रदीप सोनी, सूरत सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## ऋषि विहार के लोगों ने विधायक चमोली और मेयर गामा का स्वागत किया

देहरादून। ऋषि विहार की सड़क चौड़ीकरण और नाला ढकने का शासनादेश जारी होने के बाद ऋषि विहार के लोगों में उत्साह है। रविवार को ऋषि विहार पहुंचे धर्मपुर विधायक विनोद चमोली और मेयर सुनील उनियाल गामा का क्षेत्र के लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक ने कहा कि अगली बरसात तक सड़क और नाले का काम पूरा हो जाएगा। इससे तीस हजार की आबादी को फायदा मिलेगा। ऋषि विहार के लोगों ने एक सप्ताह पहले धर्मपुर विधायक विनोद चमोली के आवास पर नारेबाजी कर धरना दिया, विधायक भी उनके साथ अपने आवास के बाहर धरने पर बैठ गए थे। विधायक ने खुद कॉलोनी के लोगों के साथ सचिवालय के गेट पर धरना देने की चेतावनी दी थी। इसके बाद हरकत में शासन के अफसरों ने ऋषि विहार की सड़क और नाले का शासनादेश जारी किया। रविवार को जब विधायक और मेयर क्षेत्र में पहुंचे तो लोगों उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर ऋषि विहार समिति इंदिरा कॉलोनी आवासीय समिति के अध्यक्ष वासुदेव जखमोला, रोहित कुमार, मनमोहन चमोली, ऊषा चौहान, प्रकाश गैरोला, पुष्कर चौहान, लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण, केसर सिंह, कमल चौहान, रविंदर असवाल, रघुवीर सिंह भंडारी, दिनेश बडोला, विकास जोशी, नीरज पवांर, भावना जोशी, गीता नेगी, महेश नौटियाल, मंजू, मनोज कुकरेती आदि मौजूद रहे।

जल्द लगेगी एलईडी लाइटः गामा मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि इंदिरानगर से ऋषि विहार होते हुए रास्ता शिमला बाईपास निकलता है। ऐसे में ये अब मुख्य मार्ग बन जाएगा। मेयर ने मौके पर घोषणा की कि एक सप्ताह में इस पूरे इलाके में एलईडी लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## चारधाम यात्रा को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

रुड़की। चारधाम यात्रा में राज्य सरकार की गाइडलाइन को लेकर पुलिस ने जागरूक अभियान चलाया। इस दौरान सरकार की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया गया। उत्तराखंड सरकार की ओर से चारधाम यात्रा को लेकर गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें दूसरे राज्यों से प्रदेश में प्रवेश करने वाले लोगों के पास कोरोना वैक्सीन लगे होने या आरटीपीसीआर एवं एंटीजन का नेगेटिव होना जरूरी है। रविवार को लंढौरा पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाकर दूसरे राज्य से आने वाले लोगों को बताया कि स्मार्ट सिटी पोर्टल पर पंजीकरण कराने के बाद ही राज्य में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके बाद देवस्थानम बोर्ड के पोर्टल पर पंजीकरण से यात्रा का ई-पास मिलेगा। लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी नितेश शर्मा ने श्रद्धालुओं को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए। बताया कि राज्य के यात्रियों को केवल देवस्थानम बोर्ड की साइट पर पंजीकरण कराना होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरा को करना होगा संचालित

रुड़की। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे बहुत कारगर साबित हो सकते हैं। इसी के लिए पुलिस एक विशेष अभियान चलाने जा रही है।जिसके तहत सभी प्रतिष्ठानों पर लगे कैमरों की जांच की जाएगी। साथ ही शराब के ठेकों तथा पेट्रोल पंप के कैमरों को विशेष तौर पर दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा नगर पालिका को भी पत्र लिखा गया है कि जो कैमरे खराब है उनको जल्द से जल्द सुचारू कराया जाए। प्रशिक्षु पुलिस क्षेत्राधिकारी मंगलौर ओशिन जोशी ने कहा है कि क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मौसम बदलने के साथ ही क्षेत्र में बाहरी बदमाशों का आगमन हो जाता है। ऐसे में सीमा से लगे क्षेत्र में विशेष सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में सभी प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन कुछ कैमरे नाममात्र के लगे हैं जिनका कोई लाभ नहीं मिल पाता है। इसके लिए पुलिस एक विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। जिसके तहत प्रत्येक प्रतिष्ठान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाएगी कि वह कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं। खासतौर से पेट्रोल पंप, बैंक, शराब के ठेकों पर लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उन प्रतिष्ठान स्वामियों से भी कैमरे लगाने को कहां गया है जिनके द्वारा अभी तक अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं, इससे अपराधियों को पकड़ने तथा आपराधिक घटनाओं को रोकने में काफी मदद मिलेगी। उनका कहना है नगर पालिका द्वारा विभिन्न स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं, जिसका एक कंट्रोल रूम कोतवाली कार्यालय में भी बना है। लेकिन वर्तमान समय में वह कैमरे काम नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन को पत्र लिखा जा रहा है कि वह नगर में विभिन्न स्थानों पर लगे कैमरों को सुचारू कराये।

## भारतीय किसान यूनियन अंबावत ने आगामी आंदोलनों की रूपरेखा तैयार की

रुड़की।भारतीय किसान यूनियन अंबावत की सभा दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई। जिसमें किसान नेताओं ने कृषि बिल एवं सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना संबोधन दिया। वहीं आगामी चुनाव 2022 के लिए अपनी रणनीति बनाई। इसके साथ ही आगामी आंदोलनों की रूपरेखा तैयार की। दिल्ली रोड आयोजित एक सभा में बोलते हुए किसान यूनियन अंबावत के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावत ने कहा कि 2022 के उत्तराखंड चुनाव में उस प्रत्याशी को समर्थन देंगे जो किसानों के हितों की बात करता हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अब किसानों के पास पैसा नहीं है और देश की सरकार किसानों को लूटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर अच्छे पूंजीपतियों का साथ यदि हम किसानों को मिलता है तो हम निश्चित रूप से हम अपने किसान प्रत्याशी मैदान में उतारकर अपने एमपी व एमएलए बनाएंगे जो कि सदन में जाकर भी किसान हितों की लड़ाई लड़ें। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक अवतार सिंह भड़ाना ने कहा कि आज देश की सरकार ने तीन कृषि कानून बनाकर किसानों के ऊपर थोपें हैं उन्हें अगर सरकार ने जल्द से जल्द वापस न लिया तो वह किसानों के साथ खड़े होकर भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि आज देश का किसान गरीबी की कगार पर आ गया है। अब वक्त आ गया है कि अब देश से किसान विरोधी सरकार को उखाड़ देखना है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विकास सैनी, राष्ट्रीय सचिव नितिन चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष परविंद्र चौधरी, जोगेंद्र चौधरी प्रदेश महासचिव योगेश चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी आदि किसान उपस्थित रहे। ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से कार्ड धारकों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। जिन कार्ड धारकों के कार्ड ऑनलाइन नहीं हैं उनको वह खाद्यान्न उपलब्ध नहीं करा सकते इसके लिए राशन कार्ड धारक को अपने प्रपत्र लेकर रुड़की कार्यालय जाना होगा। जागरूक नागरिकों द्वारा मांग करते हुए कहा गया है कि क्षेत्र की जनता की समस्या को देखते हुए आपूर्ति विभाग को नगर पालिका कार्यालय में शिविर का आयोजन करना चाहिए ताकि लोग अपने राशन कार्ड दुरुस्त करा सकें। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी दिलशाद अली का कहना है कि जनता की परेशानी को देखते हुए इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी को पत्र लिखा जा रहा है कि वह लोगों के राशन कार्डों में हुई त्रुटियों को दूर कराने के लिए नगरपालिका कार्यालय में शिविर का आयोजन करें ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके। इस संबंध में आपूर्ति अधिकारी रुड़की से संपर्क किए जाने का प्रयास किया गया लेकिन वह उपलब्ध नहीं हो पाए।

## बहकावे में आकर गुमराह नहीं होगा चौहान समाज

रुड़की। खानपुर विधायक चौंपियन के समर्थकों ने रविवार को पत्रकार वार्ता की। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग क्षेत्र में चौहान समाज की बैठकों में उन्हें विधायक के खिलाफ भड़का रहे हैं। उन्होंने लोगों से गुमराह न होने की अपील की। कहा कि चौंपियन हर समाज के लोगों को सम्मान देकर उनका काम करते हैं। वार्ता में लक्सर मंडी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी भीम सिंह ने कहा कि विधायक चौंपियन इसी महीने दिल्ली में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। इसके बाद से कुछ लोग खानपुर क्षेत्र में चौहान समाज के लोगों की बैठक कर रहे हैं और कार्यक्रम में पृथ्वीराज चौहान को गुर्जर समुदाय से होने की बात कहे जाने का झूठ बोलकर उन्हें भड़का रहे हैं। पूर्व प्रधान सुरेश चौहान ने कहा कि चौंपियन ने चौहान ही नहीं बल्कि हर समाज के भले के लिए काम किया है। उन्होंने कभी किसी समुदाय को नजरअंदाज नहीं किया। दाबकी के पूर्व प्रधान विरेंद्र सिंह ने कहा कि चौंपियन बीस साल से क्षेत्र व क्षेत्रवासियों की सेवा कर रहे हैं। सभी लोग उनके व्यवहार व कार्यक्षमता से वाकिफ हैं। सोनू चौहान ने कहा चौहान समाज किसी के भड़काए में नहीं आएगा और पहले की तरह चौंपियन के साथ रहेगा। पूर्व प्रधान मुकेश सैनी ने कहा कि हर 5 साल बाद आने वाले नेता चुनावी मौसम को देखते हुए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि चौंपियन की सोच जाति, बिरादरी से ऊपर हैं। उनकी रिश्तेदारी दूसरे समुदायों में भी है। वार्ता के दौरान चौधरी हर्षप्रताप सिंह, कृष्णपाल, अमित चौहान, रणवीर सिंह, बीरमपाल भी मौजूद रहे।

# छात्र का शव मिलने के बाद परिजनों ने किया कोतवाली का घेराव कर हाईवे जाम

रुड़की। रुड़की के आसफनगर झाल से छात्र का शव बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर गंगनहर कोतवाली का घेराव करने पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर किसी तरह परिजनों को समझा-बुझाकर भेजा, लेकिन परिजनों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। दोपहर के वक्त परिजन अन्य लोगों के साथ ईदगाह चौक पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर हाईवे जाम कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को मनाने में जुट गई। बीती 15 सितंबर को इंदिरा विहार कॉलोनी ईदगाह चौक सुनहरा रोड निवासी 16 वर्षीय आठवीं कक्षा का छात्र बाइक लेकर घर से निकला था। परिजनों को बताया था कि वह स्कूल जा रहा है जो काशीपुर में है। लेकिन छात्र देर शाम तक भी घर नहीं लौटा था। चिंता होने पर परिजनों ने पुत्र की तलाश शुरू कर दी थी। जिसके बाद तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। तब से परिजन और पुलिस छात्र की तलाश कर थी। इस बीच मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब परिजनों ने पुत्र की हत्या का आरोप दोस्तों पर लगाया। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। दोस्तों ने पूछताछ में बताया था कि संतुलन बिगड़ने से उनका दोस्त मेहवड़ पुल के पास गंगनहर में गिर कर डूब गया था। जिसके बाद वह सब घबराकर बिना किसी को कोई जानकारी दिए वापस घर चले गए थे। रविवार को आसफनगर झाल से पुलिस ने छात्र का शव बरामद किया। जानकारी परिजनों को लगी तो आसफनगर झाल पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए छात्र के शव को मोर्चरी भेज दिया। जिसके बाद पोस्टमार्टम के बाद गुस्से से बौखलाए परिजन शव को लेकर गंगनहर कोतवाली पहुंच गए और घेराव शुरू कर दिया। हालांकि पुलिस ने उस वक्त परिजनों को किसी तरह समझा-बुझाकर वापस भेज दिया था। लेकिन करीब तीन बजे के आसपास परिजन फिर से आग बबूला हो गए और ईदगाह चौक पहुंच गए। परिजनों ने पुत्र के दोस्तों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर हाईवे जाम कर दिया। इस बीच आसपास के इलाकों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गुस्साए परिजनों को शांत कराने का प्रयास शुरू कर दिया। गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि परिवार के लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया गया था। तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सैकड़ों परिवारों के नाम राशन कार्डो से हुए गायब

रुड़की। ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत सैकड़ों परिवारों के नाम राशन कार्डो से गायब कर दिए गए हैं। जिसके चलते इन परिवारों को सरकार द्वारा घोषित निशुल्क गेहूं, चावल भी नहीं मिल पा रहा है। मायूस जनता जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रही है, लेकिन जनप्रतिनिधि भी अपने आप को असहाय बता रहे हैं। लोगों का कहना है कि राशन कार्डो में हुई गड़बड़ी की जांच की जानी चाहिए। साथ ही जिन लोगों के राशन कार्डो से नाम हटाए गए हैं। उन्हें जोड़ने के लिए नगरपालिका कार्यालय में शिविर का आयोजन होना चाहिए ताकि लोग आसानी से अपने नाम जुड़वा सकें। राशन कार्ड ऑनलाइन होने के चलते कई लोगों के सामने परेशानी आ खड़ी हुई है। सैकड़ों परिवार ऐसे हैं जिनके नाम पूरी तरह से राशन कार्ड से हटा दिए गए हैं इसके चलते उन्हें गेहूं, चावल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है कुछ कार्ड धारक ऐसे हैं जिनके कुछ सदस्यों के नाम हटाए गए हैं तो कुछ के बाकी हैं कुछ मामलों में मात्र मुख्य कार्ड धारक का नाम ही बाकी है। शेष परिवार के नाम राशन कार्ड से हटाए गए हैं। यह लोग राशन की दुकानों पर जमा भीड़ में राशन देने के लिए पहुंचते हैं अपनी बारी आने पर जब यह राशन कार्ड दुकानदार को पेश करते हैं तो पता चलता है कि केवल एक व्यक्ति का नाम ऑनलाइन दर्शाया गया है। राशन कार्ड में दर्ज बाकी नाम कैसे कटे इसके बारे में दुकानदार को भी कोई जानकारी नहीं है। सैकड़ों की संख्या में ऐसे कार्ड धारक मौजूद हैं जनके सामने यह समस्या है प्रधानमंत्री द्वारा कोविड–19 के दौरान उत्पन्न हुई स्थिति को देखते हुए गरीबों को निशुल्क गेहूं चावल उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। लेकिन हजारों लोगों के राशन कार्ड से नाम हट जाने से गरीब परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नगर क्षेत्र में सरकारी सस्ते गल्ले की कुल सात दुकानें हैं इन सात दुकानों पर सैकड़ों परिवार ऐसे हैं जिनके राशन कार्डो से परिवार के सदस्यों के नाम हटा दिए गए हैं जो कि मायूस होकर दुकानों से लौटते हैं तथा जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन जनप्रतिनिधि भी उन्हें कोरे आश्वासन ही दे रहे हैं। इस संबंध में राशन की दुकान संचालित करने वाले खुशनसीब अंसारी, राकेश गोयल, जाहिद हसन, शोभित गुप्ता, मोहम्मद रफी, सुभाष सिंघल, राशिद अंसारी का कहना है

## जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी सूबे की सरकार: यादव

रुड़की। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा का भगवानपुर पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। साथ ही चुड़ियाला मार्ग पर सभा को भी सम्बोधित किया। रविवार को कस्बे में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा जहां भी यात्रा गयी वहां जनता का अटूट प्यार और समर्थन मिला है। कहा कि प्रदेश नेतृत्व एकजुट होकर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लाने का काम करेगा। 2017 में जनता ने भाजपा को मजबूत समर्थन देकर सत्ता में भेजा, लेकिन सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी। डबल इंजन की सरकार ने बेरोजगारी खत्म करने की बात की थी, लेकिन आज शिक्षित युवा बेरोजगारी की मार झेलने को मजबूर है, वहीं महंगाई भी आसमान छू रही हैं। महिलाएं भाजपा के नेताओं और पदाधिकारियों से ही सुरक्षित नहीं हैं। कहा कि तीन काले कानून वापस करवाने के लिए, किसान एक वर्ष से धरने पर बैठे हैं, लेकिन सरकार सुनने को तैयार नही है। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है कि 2022 में कांग्रेस की सरकार लाएंगे। आज किसान, मजदूर बेरोजगार सब आंदोलनरत है। प्रधानमंत्री ने जनता को अच्छे दिन का सपना दिखाया, लेकिन जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं ने देश के लिए कुर्बानी दी है, लेकिन भाजपा को सत्ता झूठ के सहारे मिली है। अब पहले 2022 और फिर 2024 में भाजपा को सत्ता से उखाड़ने का काम जनता करेगी। युवाओं और जनता से आह्वान किया कि 2022 के लिए कमर कस लीजिए। सह प्रभारी दीपिका पांडे, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, प्रदीप टम्टा ने भी किये विचार व्यक्त किये। भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हुकम सिंह ने किया। परिवर्तन यात्रा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राव फरमूद, नासिर प्रवेज, सेठ पाल परमार, सुशील राठी, राशिद प्रधान, मुनीर आलम, अभिषेक राकेश समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रुड़की केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के संदीप शर्मा अध्यक्ष बने

रुड़की। रुड़की केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के चुनाव सत्यनारायण धर्मशाला में सम्पन्न हुए। जिसमे पांच पदों पर मतदान के माध्यम से पदाधिकारियों का चयन हुआ। रुड़की की सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित चुनाव में नगर के सभी केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इस दौरान 302 सदस्यों में से 296 ने वोट डाले। अध्यक्ष पद पर गजेंद्र शर्मा और संदीप शर्मा के बीच कड़ा मुकाबला रहा। गजेंद्र शर्मा को 141 मत प्राप्त हुए, वहीं संदीप शर्मा ने 152 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। जबकि तीन मत कैंसिल हुए। सचिव के पद पर अवनीश शर्मा और गौरव के बीच कांटे की टक्कर हुई। गौरव को 145 मत मिले, वहीं अवनीश शर्मा ने 150 मत हासिल कर जीत पाई। इसमें एक मत कैंसिल हुआ। उपाध्यक्ष पद पर अमित अग्रवाल ने 171 वोट लेकर जीत हासिल की, वहीं उनके विपक्षी संजय गौतम को 114 वोट मिले। ग्यारह वोट कैंसिल हुए। कोषाध्यक्ष पद पर अमरदीप सिंह को 136 और संदीप शर्मा को 152 मत मिले। संदीप शर्मा ने 16 वोट से जीत हासिल की। इसमें 8 वोट कैंसिल हुए। संगठन मंत्री पद पर शैलेंद्र शर्मा ने 162 वोट लेकर जीत हासिल की। वहीं उनके विपक्षी अनुज शर्मा को 126 वोट मिले, जबकि 8 वोट कैंसिल हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी व सह चुनाव संजीव अहूजा, अमित गोयल, राजीव भारद्वाज, प्रदीप गोयल, अविनाश घई द्वारा चुनाव संपन्न करवाया गया। जीते हुए पदाधिकारियों का केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संदीप गोयल, शोभित गौतम, राजीव भारद्वाज, पीयूष, अंकुर त्यागी, जाति राम, अमित अग्रवाल, अनूप बंसल आदि लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## कोरोना योद्धाओं को किया गया सम्मानित

नईटिहरी। डा. एपीजे अब्दुल कलाम विचार मंच व सम्राट स्पोर्ट्स एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका हाल में कोरोना काल में बेहतर काम करने वाले कोरोनायोद्धाओं को सम्मानित करने का काम किया गया। साथ ही टिहरी की स्थानीय लोक संस्कृति व परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए गहन चर्चा भी क्षेत्र के लोगों से की गई। नगर पालिका हाल में मंच व स्पोर्ट्स एकेडमी के पदाधिकारियों ने कोरोना योद्धाओं के रूप में सामाजिक, राजनैतिक व स्थानीय स्तर पर बेहतर कार्य करने वालों में ऐडवोकेट शांति प्रसाद भट्ट, नागरिक मंच के सुंदर लाल उनियाल, होटल एसोसियेशन के लक्ष्मी प्रसाद, दीवान सिंह नेगी, मुशर्रफ अली, राकेश राणा, जिपंस जयवीर सिंह रावत, देवेंद्र नौडियाल, प्रताप गुसाईं,राजेंद्र कुमार, यशपाल पंवार, दीपक चमोली आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का काम किया। सम्मान के बाद स्थानीय संस्कृति को लेकर गतिविधियों को बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की गई। जिसमें देवेंद्र दुमोगा, सुंदरलाल उनियाल, शांत प्रसाद भट्ट आदि ने पुरानी टिहरी की गतिविधियों को याद करते हुये इसके लिए ठोस पहल करने की पैरवी करते हुये कहा कि प्रबुद्ध लोगों को एक साथ बैठक राजनीति से हटकर टिहरी शहर के विकास सहित यहां की स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ठोस रणनीती बनाकर उस अमल करना होगा। इस मौके पर डा एपीजे अब्दुल कलाम विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशद आलम, मंच के प्रदेश सचिव राजेश नेगी, मंच की महिला विंग की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्षा ख्याती शर्मा, मंच के जिलाध्यक्ष अरविंद कोठारी, शहर अध्यक्ष विपिन जैन, शाद हसन, सतीश बलूनी, ईमरान अली, दिवाकर बेलवाल, फहाद शेख, अमित बिष्ट, वसीम सिद्धिकी, विकास गुसाईं, रोबीन रांगड़, गौरव आदि मौजूद रहे।

## महिला ने नदी में लगाई छलांग, मौत

पौड़ी। सतपुली पूर्वी नयार नदी में रविवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर पौड़ी रोड स्थित बने पुल से अज्ञात महिला ने नदी में छलांग लगा दी जहां उसकी मौत हो गई। महिला के नदी में छलांग लगाने पर स्थानीय लोगों द्वारा देखा गया। जिस पर स्थानीय युवकों द्वारा नदी में कूदकर महिला को बचाने का प्रयास किया गया लेकिन जब तक युवकों ने महिला को नयार नदी से बाहर निकाला तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही सतपुली पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार से महिला को बचाने का प्रयास किया लेकिन महिला दम तोड़ चुकी थी। महिला को राजकीय संयुक्त चिकित्सालय सतपुली भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है। राजस्व उपनिरीक्षक वेद प्रकाश पटवाल ने बताया कि शव का पंचनामा कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है और महिला के परिवार व गांव की कोई जानकारी जुटाई जा रही है जिससे कि महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द किया जा सके।

## संस्कृत मास महोत्सव के उद्देश्य की दी जानकारी

पौड़ी। उत्तराखण्ड संस्कृत अकाडमी द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। उत्तराखण्ड संस्कृत अकाडमी के शोधाधिकारी हरीश चन्द्र गुरुरानी ने संस्कृत मास महोत्सव के उद्देश्य, लोककल्याण और संस्कृत प्रसार के बारे में बताया। कार्यशाला में लालबहादुर शास्त्री विश्वविद्यालय के वास्तुविभाग में सहायक आचार्य डा. प्रवेश व्यास ने शास्त्र को समझने के लिये संस्कृतभाषा का अध्ययन करने का महत्व बताया। मुख्य वक्ता अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डा. मनोज कुमार जुयाल ने वायुशुद्धि के लिये पौधरोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि पौधे वास्तु दोष को दूर करने में सहायक होते हैं। औषधीय गुणों से युक्त पौधों को भी उचित स्थान पर लगाने से अनेकों समस्यायें दूर हो जाती हैं। सहवक्ता लालबहादुर शास्त्री केन्द विश्वविद्यालय के वास्तु विभागाध्यक्ष प्राचार्य प्रो. अशोक थपलियाल ने वास्तु पद विन्यास की प्रक्रिया के बारे में बताया। कहा कि सभी प्राणी सुखप्राप्ति चाहते हैं। भोजन प्राप्त करके मानव के लिए आवास का स्थान सब से आवश्यक है। घर हमको तीव्रधूप, बारिश और तूफान से सुरक्षित करता है। वास्तुशास्त्र न केवल मनुष्य का हित के लिये लिखा गया अपितु जीव, जन्तु, पक्षि, और समस्त वनस्पतियों के हित के लिये भी है । महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिषाचार्य डा. नवीन शर्मा ने भूमिशुद्धि की प्रक्रिया बताई। मुख्य अतिथि संस्कृत शिक्षा उपनिदेशक डा. वाजश्रवा आर्य ने भी कई जानकारी दी। इस मौके पर ऋषि राम कृष्णमहाराज, डा. किशोरी लाल रतूडी, डा. चन्द्र प्रकाश उप्रेती, डा. शक्ति प्रसाद उनियाल, आचार्य रोशन लाल गौड, राकेश कंडवाल, कुलदीप मैंदोला आदि शामिल थे।

## 15 घंटे बाद खुला कर्णप्रयाग में बदरीनाथ हाईवे

चमोली। शनिवार शाम यहां उमा माहेश्वर आरम के पास करीब पांच बजे बंद हुआ बदरीनाथ हाईवे रविवार सुबह आठ बजे वाहनों के लिए खुल पाया। हालांकि बताया जा रहा है कि मध्यरात्रि को यहां कुछ वाहन निकले। लेकिन पहाड़ी से लगातार मलबा आने से फिर बंद हो गया। जिससे रविवार सुबह सुचारू किया गया। बदरीनाथ हाईवे पर उमा माहेश्वर आश्रम से उमट्टा बैंड तक करीब तीन जगह हाईवे पर भूस्खलन जोन सक्रिय हैं। आए दिन इन स्थानों पर मलबा आने से हाईवे बाधित हो रहा है। शनिवार शाम करीब साढ़े तीन बजे से मलबा आना शुरू हुआ। जिससे बड़े वाहन नहीं जा पा रहे थे। लेकिन शाम पांच बजे यहां भारी मात्रा में मलबा, पेड़ और बोल्डर आ गए। जिससे यहां हाईवे पूरी तरह बंद हो गया। बताया जा रहा कि एनएच के प्रयास से रात करीब साढ़े ग्यारह बजे कुछ वाहन निकले। लेकिन लगातार मलबा आने से यह सड़क फिर बंद हो गई। जिससे कई लोग वापस लंगासू, कालेश्वर सहित कर्णप्रयाग पहुंचे। यही नहीं कई छोटे वाहन करीब 40 किमी की अतिरिक्त दूरी पार करते हुए सोनला से सिलंगी होते हुए धारडुंग्री से कर्णप्रयाग पहंचे।

# ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति.....................

दूसरे पेज का शेष

वहां से परेशानियां और व्याधियां शुरु होने लगती हैं। डॉ विश्वरूप रॉय चौधरी जी एक बहुत भले एवं उदार हृदय के विशेषज्ञ हैं जो यूट्यूब पर हमें अक्सर नैसर्गिक जीवन जीने की प्रेरणा देते रहते हैं। उनका कहना है कि प्रकृति से व्युत्पन्न किसी भी खाद्य पदार्थ को बिना पकाकर खाने से ज्यादा फाइबर शरीर को मिलता है। हम तो स्वाद की तृप्ति के लिए खाद्य पदार्थ को खूब जल-भुन देते हैं और ऐसे में भोजन के अधिकांश पोषक तत्व और फाइबर नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए उत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त करने के लिए यही प्रयास करना चाहिये कि जितना ज्यादा हो सके, हम रॉ फूड को ही अपने भोजन की प्लेट में स्थान दें। खाद एवं रसायनमुक्त ऑर्गेनिक भोजन को ही अपनाएं। बाजार में बिकने वाले विभिन्न पेय पदार्थों जैसे पेप्सी, कोक, मिरिंडा इत्यादि एवं दूध-दही के नाम पर दुग्ध उत्पादों आनंदा, अमूल इत्यादि ब्रैंड के भयंकर जाल से अपनेआप को बचाने की कोशिश करें। ऐसे प्रोडक्ट्स को कन्ज्यूम करने से अच्छा तो यह है कि हम प्रकृति में शुद्ध रूप उगने वाली घास या वनस्पति को ही खा लें। डैड फूड जैसे पिज्जा, चाऊमीन, मैगी, बर्गर, बिस्किट इत्यादि सभी पैकेज्ड फूड को कन्ज्यूम करने के बजाय हम लाइव फूड को ही अपनाएं। कभी-कभी मेरे मन में यह विचार आता है कि प्रकृति में स्वतंत्र रूप से चारागाहों में विचरण करने वाले नन्दी बैल, हिरण, खरगोश इत्यादि पशु अथवा पक्षी आखिर इतने स्वस्थ, ऊर्जावान एवं शक्तिशाली कैसे होते हैं। यह बेचारे न तो एलोपैथी की वाइटामिन्स की गोलियां लेते हैं, न तो बॉर्न-बीटा, हॉर्लिक्स लेते हैं और ना ही किसी अच्छे रेस्ट्रॉन्ट में जाकर पिज्जा-बर्गर की पार्टी लेते होंगे। इनको अगर कभी कोई रोग लगता भी होगा तो घास-फूस खाकर स्वयं ही ठीक हो जाते होंगे।

अप्राकृतिक जीवन जीने वाले हम मनुष्य अपने स्वास्थ्य की इतनी एक्सट्रीम केयर करने के बावजूद भी, न जाने कितने प्रकार की डिस-ईज से परेशान हैं। ऊपर से एलोपैथी चिकित्सा का तड़का लग जाता है तो श्सोने पे सुहागाश वाली बात हो जाती है। एलोपैथी चिकित्सा पद्धति से उच्च रक्त चाप, निम्न रक्त चाप, हृदय रोग, माइग्रेन, त्वचा रोग, मधुमेह, गठिया इत्यादि जैसे रोगों के समाधान के लिए लाइफ इंश्योरेन्स के प्रीमियम की तरह आजीवन दवाइयों की किस्तें बंध जाती हैं लेकिन रोग है कि जाता नहीं। रोग तो जाने के बजाय बढ़ता ही जाता है। जो वाईटामिन सप्लिमेंट्स या दवायें बाजार में उपलब्ध होती हैं वह कैसे हमारे शरीर के लिये प्राकृतिक श्रोतों (जिनसे उनकी व्युत्पत्ति होती है) से भी अधिक लाभदायक हो सकते हैं?

मेरे मन में यह बात भी कई बार अटक जाती है कि आधुनिक चिकित्सा की भाषा में तो अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति भी अपना नॉर्मल चेक-अप करवाने, ओ०पी०डी० पर जाता है तो उसका पंजीकरण भी पेसेंट के रूप में ही किया जाता है। हास्यास्पद बात तो यह है कि वहाँ व्यक्ति को संबोधन उसके नाम से नहीं बल्कि पेसेंट के नाम से किया जाता है। दूसरा पक्ष यह भी है कि एक रोगी या व्याधिग्रस्त व्यक्ति को सभी लोग रोगी-रोगी कहकर संबोधन करें तो उसकी जिजीविषा तो वैसे ही मर जाएगी, वो बेचारे ठीक कैसे हो पायेगा। किसी व्यक्ति को स्वस्थ होने के लिए तो सर्वप्रथम औषधि- मन की शक्ति, आत्मविश्वास, एवं जिजीविषा की आवश्यकता होती है। सकारात्मक विचार ही मन एवं शरीर की परम औषधि हैं। स्थूल शरीर के स्तर पर होने वाला रोग सर्वप्रथम मन के विचारों से ही शुरू होता है। मन में नकारात्मक एवं अशुद्ध विचार शरीर के स्वाभाविक क्रिया विज्ञान को सीधे प्रभावित करते हैं। शरीर की ग्रंथियों से उसी प्रकार के नकारात्मक रसायन व हॉर्मोंज का श्रावण होने लगता है, जो शरीर के रासायनिक साम्य को डिस्टर्ब कर इसे व्याधिग्रस्त बनाने लगते हैं।एक उदाहरण के तौर पर यदि मैं कहूँ कि मानो किसी स्वस्थ व्यक्ति को कहा जाय कि उसे कैंसर या अन्य कोई असाध्य रोग डायगनॉसिस हो गया है, तो यकीन मानिए वह व्यक्ति ५-६ महीने या एक वर्ष के भीतर मृत्यु को प्राप्त हो जाएगा। यही है मन की शक्ति, मन यदि सकारात्मक चिंतन-मनन करे तो कल्याण ही कल्याण है इसके विपरीत मन की नकारात्मकता ही विनाश का कारण बन जाती है।इसीलिए योग-ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास करके मन की अद्‌भुत, अपरिमित शक्ति को पहचानने की एवं इसे जागृत करने की आवश्यकता है। हम जितना ज्यादा रोग-व्याधि, दवा, अस्पताल, डायग्नॉसिस, स्क्रीनिंग एवं एम०आर०आई० का चिंतन-मनन करेंगे उसी दर से हम अपने प्रतिरक्षा तंत्र और स्वास्थ्य को कमजोर बनाएंगे।कुछ दिन पहले दिवंगत सिद्धार्थ शुक्ला जी के आकस्मिक निधन की घटना पर कुछ स्पेशलिस्ट का पैनल कार्डियक अरेस्ट अथवा हृदयाघात विषय पर टी०वी० पर सलाह दे रहे थे कि भाई! किसी को भी हो सकता है, इसलिये रेग्युलर स्क्रीनिंग मैंडेटरी है। बड़े-बड़े स्टार्स, स्पोर्ट्समैन को हो सकता है, जो नियमित जिम और स्पोर्ट्स खेलते हैं तो तुम किस खेत की मूली हो। ऐसे में शक्की व संदेही टाइप के व्यक्ति तो हृदय रोग से मरें न मरें लेकिन सच में डर एवं ऐंजाइटी से तो मर ही जायेंगे।

यद्यपि एलोपैथी चिकित्सा के अपने भी लाभकारी एवं गुणकारी अनुप्रयोग होते हैं। आकस्मिक चिकित्सा के क्षेत्र में, टूटी हुई हड्डियों की संधि करवाने में, किसी दुर्घटना में अंग-भंग हो जाने की स्थिति में अथवा अन्य आपातकालीन स्थितियों में एलोपैथी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से ही सहज व सरल उपचार किया जाता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि एक विद्यार्थी के रूप में एलोपैथी चिकित्सा- अकैडमिक कार्यक्रम में ६ से ८ वर्षों का जो अध्ययन किया जाता है वह निश्चित ही बौद्धिक एवं ज्ञानपरक होगा। परंतु जब किसी भी चीज का व्यावसायीकरण होता है तो उसकी गुणवत्ता, प्रमाणिकता में स्वत: ही मंदन आने लगता है। इस सच्चाई को समझने वाले लोग दुनिया में बहुत कम हैं। अंग्रेजी दवाइयों के व्यावसायीकरण की पराकाष्ठा तो शायद किसी से छुपी नहीं होगी। यह बात हमें अपने जेहन में उतारनी ही होगी योगासन-प्राणायाम, शारीरिक क्रियायें एवं ध्यान का अभ्यास ही हमें व्याधियों से मुक्त कर सकता है। शरीर में जहां भी कोशिकाओं और उत्तकों में ऑक्सीजन का परिवहन कम होने लगे, वहीं अंगों में अनियमितता आनी शुरू हो जाती है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में अभी तक ऐसी कोई दवा विकसित नहीं हुई है जो हमारे शरीर की सरंचनात्मक इकाई- कोशिका में जाकर ऑक्सीजन का फोर्सफुली पेनीट्रेशन करवाये। जब हमारे शारीरिक तंत्र की कोशिकाओं के रिसेप्टर्स अथवा ग्राही कमजोर पड़ जाते हैं तो माइटोकॉन्ड्रिया, जिसे कोशिका का ऊर्जा का घर माना जाता है, कार्बोहाइड्रेट का ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में दहन करके ऊर्जा में रूपांतरित करने में असमर्थ हो जाता है तो इस मेडिकल कंडीशन को डायबिटीज अथवा मधुमेह रोग से जाना जाता है, इसका अन्य कारण यह भी हो सकता है कि हमारे पैंक्रियज की अधिकांश बीटा कोशिकायें लगभग निष्क्रिय हो जाती हैं तो इंसुलिन नामक एन्जायम का श्रावण पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाता है जिससे कार्बोहाइड्रेट या ग्लूकोज का रूपांतरण ऊर्जा में नहीं हो पाता है। क्या एलोपैथी चिकित्सा पद्धति कोशिकाओं के इस सूक्ष्म मकेनिजम को रीवर्स या रीस्टोर कर सकती है? कोशिका के स्तर पर होने वाली इस सूक्ष्म क्रियाविधि को तो प्रकृति ही सहज एवं स्वाभाविक रूप से ठीक कर सकती है। इसीलिए योगासन-प्राणायाम, ध्यान, उत्तम आहार, सकारात्मक विचार व शारीरिक सक्रियता ही इन सभी रोगों का स्थायी एवं नित्य समाधान है।

## मरीजों की सुरक्षा एवं सतत चिकित्सा शिक्षा पर एक ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

श्रीनगर गढ़वाल। मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में मरीजों की सुरक्षा एवं सतत चिकित्सा शिक्षा पर एक ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें चिकित्सकों एवं स्टाफ को बेस अस्पताल में आने वाले हरके मरीज को बेहतर चिकित्सा सेवा देने के साथ ही मरीज के जीवन की सुरक्षा हेतु अपनाए जाने वाले विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। जबकि डॉक्टरों एवं स्टाफ ने मरीज के जीवन की सुरक्षा की भी शपथ ली गई। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा इकाई (एमईयू) की ओर से मरीज सुरक्षा पर सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) पर ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीज को बेहतर चिकित्सा सेवा मिले यह अस्पताल के डॉक्टरों का परम कर्तव्य होना चाहिए। डॉ. रावत ने कहा कि मरीज के जीवन की सुरक्षा, प्रसव के दौरान महिलाओं की सुरक्षा, शिशुओं की सुरक्षा, औषधीय सुरक्षा, रेडिएशन सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा आदि मरीज से जुड़े है। इसमें डॉक्टरों को चाहिए कि अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज को बेहतर उपचार मिले, इससे पूर्व मरीज की समस्या सुनना, बीमारी को लेकर मरीज के मन में चल रही शंकाओं का निराकरण करना ही मुख्य प्रथम सुरक्षा है। कहा कि मरीज तन के साथ ही मानसिक रूप से भी संतुष्ट होना चाहिए। तभी चिकित्सा सुरक्षा का लक्ष्य पूरा हो सकता है। इस मौके पर एमएस डॉ. केपी सिंह, ईएनटी विभाग के एचओडी प्रो. रविन्द्र बिष्ट, अस्थि रोग विभाग के एचओडी डॉ. दयाकृष्ण टम्टा, बाल रोग विभाग के एचओडी प्रो. व्यास कुमार राठौर, नेत्र रोग विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एएन पांडेय, प्रो. किंग्सुक लोहान, प्रो. दौलत सिंह, प्रो. अजय विक्रम, प्रो. दीपा हटवाल, डॉ. याशिक बंसल, डॉ. पूजा, डॉ. जय कुमार व डॉ. मुकेश शुक्ला डॉ. मनीष जैन, एमआरडी प्रभारी आशीष कठैत सहित विभिन्न विभागों की फैकल्टी व कर्मचारी- अधिकारी मौजूद थे।

## शिल्पा शेट्टी करेंगी ओटीटी डेब्यू, पहली बार निभाएंगी इस तरह का रोल

बीते काफी वक्त से शिल्पा शेट्टी विवादों में घिरी हुई हैं. दरअसल शिल्पा के पति राज कुंद्रा काफी समय से जेल में बंद हैं. राज को अश्लील फिल्में बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. ऐसे में पति के जेल में रहने के कारण से शिल्पा भी सुर्खियों में हैं. इसी बीच खबर आ रही है कि शिल्पा अपने करियर का एक नया आगाज करने वाली है.दरअसल शिल्पा शेट्टी ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं. हर किसी को बता है कि काफी समय से बॉलीवुड स्टार्स ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं. सुष्मिता सेन के बाद शाहिद कपूर, माधुरी दीक्षित, सोनाक्षी सिन्हा, जूही चावला के नाम शामिल हैं. लेकिन अब इस लिस्ट में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा का नाम भी शामिल होने जा रहा है. खबर के अनुसार अब आ रही कि शिल्पा के फैंस को खासा एक्साइट कर सकती हैं. शिल्पा ओटीटी पर कदम रखने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए शिल्पा शेट्टी ने पूरी तैयारियां भी कर ली हैं.

रिपोर्ट के अनुसार शिल्पा का ओटीटी डेब्यू प्रोजेक्ट महिला लीड केंद्रित प्रोजेक्ट होने वाला है. कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस का ये रोल सुष्मिता सेन के आर्या के जैसा लगभग हो सकता है. एक्ट्रेस से सीरीज को लेकर लगभग फाइनल बात चल रही है. अब बस इस बात का इंतजार है कि एक्ट्रेस अपने इस नए आगाज का ऐलान कब करेंगी. वहीं, शिल्पा शेट्टी के फैंस उनके इस नए आगाज की खबर से



काफी खुश हैं.

वहीं अगर शिल्पा के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में फैंस ने शिल्पा शिल्पा को प्रियदर्शन की फिल्म श्हंगामा २्व में देखा था. सालों बाद शिल्पा ने इस फिल्म से अपना कमबैक किया था. हालांकि हंगामा २ ने खास कमाल नहीं कर पाया था. फिल्म में शिल्पा का साथ देने के लिए परेश रावल, आशुतोष राणा, मीजान जाफरी, जॉनी लीवर जैसे स्टार्स थे.

इसके अलावा शिल्पा शेट्टी डांसिंग रिएलिटी शो सुपर डांसर ४ भी जज कर रही हैं. शिल्पा को फैंस इस शो में बतौर जज काफी पसंद कर रहे हैं. वहीं, उनकी पर्सनल लाइफ में बीते कुछ महीने काफी बुरे गुजरे हैं. पति के जेल जाने के बाद शिल्पा ने कुछ वक्त के लिए सुपर डांसर से भी दूरी बना ली थी.

## मेरी फिल्मों को सो-कॉल्ड इनसाइडर्स ने कभी एक्सेप्ट नहीं किया: तापसी

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने कहा कि, फिल्म इंडस्ट्री में इनसाइडर्स ने उन्हें कभी तवज्जो नहीं दी और वह उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करती हैं। तापसी ने साल की शुरूआत में अपना प्रोडक्शन बैनर श्आउटसाइडर्स फिल्म्स लॉन्च किया था। पिछले साल सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद फिल्म इंडस्ट्री में श्इनसाइडर्स-आउटसाइडर्स बहस छिड़ गई थी। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू ने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि फिल्म इंडस्ट्री में आउटसाइडर होने के कारण कोई एक्टर-आर्टिस्ट किसी भी तरह से इंसाइडर से कम होता है।तापसी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि, मैंने कभी भी आउटसाइडर को इनसाइडर से कम नहीं देखा है। इंडस्ट्री में इंसाइडर या आउटसाइडर होने से सक्सेस की गारंटी नहीं है। मेरी ऑडियंस मुझे सक्सेसफुल बनाएगी। अब तक, मेरी फिल्में, जो भी काम करती हैं, ऑडियंस की वजह से हैं, और इसलिए नहीं कि सो-कॉल्ड इनसाइडर ने इसे एप्रूवल दिया है। नहीं, उन्होंने नहीं दिया और वह अभी भी नहीं देते हैं। ऐसा नहीं है कि मैं भी उनसे इसकी उम्मीद करती हूं, क्योंकि मैं यहां अपने की वजह से पहुंची हूं। ऑडियंस ने जाकर मेरी फिल्मों के टिकट खरीदे और उसे हिट बना दिया।जब लगेगा तब श्ग्रेसफुल एक्जिट्व ले लूंगीआगे बात करते हुए कहती हैं कि, रियल में इनसाइडर बनने की आवश्यकता महसूस नहीं करती हैं, यही वजह है कि मैंने अपने प्रोडक्शन हाउस का नाम श्आउटसाइडर्स फिल्म्स्व रखा, क्योंकि वह इस शब्द के आसपास



के नेगेटिव मीनिंग्स को दूर करना चाहती हैं। तापसी ने यह भी कहा कि वह तब तक काम करना चाहेंगी जब तक ऑडियंस साथ रहेगी, और अगर मुझे लगेगा कि उन्होने मेरी फिल्मों का स्वागत करना बंद कर दिया है, तो मैं श्ग्रेसफुल एक्जिट्व ले लूंगी।तापसी ने हाल ही में लॉन्च किए अपने प्रोडक्शन हाउस के तहत फिल्म श्ब्लर्व प्रोड्यूस की है। उनकी आखिरी फिल्म नेटफ्लिक्स की हसीन दिलरुबा थी, और अब फिल्म श्एनाबेले सेतुपति में दिखाई देंगी।

## कार्तिक को मिला वाशु भगनानी की एकसाथ तीन फिल्मों का प्रस्ताव?

कार्तिक आर्यन मौजूदा दौर के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में से एक हैं। उनके पास एक से बढ़कर एक फिल्में हैं। बड़े-बड़े निर्माता-निर्देशक अपनी फिल्म में उन्हें साइन करने के लिए लाइन लगाए खड़े हैं। आलम यह है कि कार्तिक डेट्स की कमी से जूझ रहे हैं। बीते दिनों इस खबर ने तूल पकड़ा कि निर्माता वाशु भगनानी ने कार्तिक को एक या दो नहीं, बल्कि तीन फिल्मों का प्रस्ताव दिया है। अब वाशु भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट ने इस खबर को सिरे से खारिज कर दिया है। प्रोडक्शन कंपनी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इस खबर का लिंक साझा करते हुए लिखा, इसमें दूर-दूर तक कोई सच्चाई नहीं है। इसके अलावा प्रोडक्शन हाउस से जुड़े सूत्र ने बताया कि ऐसी किसी भी तरह की फिल्म छापने से पहले उसकी पड़ताल करनी चाहिए। बिना सत्यापन के फिल्म से जुड़ी कोई भी कहानी बना देना गलत है।रिपोर्टों में कहा जा रहा था कि कार्तिक को वाशु भगनानी ने अपनी तीन फिल्मों की डील का प्रस्ताव दिया है। फिलहाल कार्तिक ने इन तीनों फिल्मों की डील को साइन ना करते हुए होल्ड पर रखा हुआ है, क्योंकि वह सोच-समझकर कदम



बढ़ाना चाहते हैं। रिपोर्टों के हवाले से कहा गया कि कार्तिक, रणबीर कपूर-शाहिद कपूर के ग्रुप के सबसे युवा अभिनेता हैं, इसलिए निर्माता-निर्देशक उन्हें अपनी फिल्म में लेने के लिए आतुर हैं।वाशु भागनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले पिछली बार फिल्म बेल बॉटम रिलीज हुई। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। अब अक्षय के साथ वाशु दोबारा काम करने जा रहे हैं और उनकी नई फिल्म का नाम है सिंड्रेला। अक्षय इन दिनों अपनी इसी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। दूसरी तरफ वाशु, नीरू बाजवा और हिमांशी खुराना अभिनीत एक कॉमेडी पंजाबी फिल्म शिवा नी गिरधारी लाल भी लेकर आ रहे हैं।कार्तिक निर्माता साजिद नाडियाडवाला की फिल्म सत्यनारायण की कथा में नजर आएंगे। वह साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म आला वैकुंठापुरामुलू के रीमेक शहजादा में काम कर रहे हैं। कार्तिक फिल्म धमाका और लुका छुपी २ में नजर आएंगे। हंसल मेहता की फिल्म कैप्टन इंडिया में भी वह मुख्य भूमिका निभाएंगे। कार्तिक, एकता कपूर की फिल्म फ्रेडी से भी जुड़े हैं। वह भूल भुलैया के अलावा निर्देशक अनीस बाज्मी की एक अन्य फिल्म को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

## आमिर खान अभिनीत फिल्म लाल सिंह चड्ढा की पूरी हुई शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की फिल्मों का फैंस काफी बेसब्री से इंतजार करते हैं। आमिर किसी भी फिल्म में अपने किरदार में खुद को ढालने के लिए खूब मेहनत करते हैं। वह काफी समय से अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म लाल सिंह चड्ढा को लेकर व्यस्त हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि आमिर की इस फिल्म की शूटिंग समाप्त हो चुकी है। मेकर्स ने इस संबंध में जानकारी शेयर की है।लाल सिंह चड्ढा को १०० से अधिक स्थानों पर शूट किया गया है। इस फिल्म की शूटिंग पिछले साल शुरू हुई थी। फिल्म की टीम ने शूटिंग पूरी होने के बाद केक काटकर इसका जश्न मनाया है। निर्माताओं के अनुसार फिल्म की शूटिंग हाल ही में समाप्त हुई है, जिसमें कलाकारों और क्रू ने सेट पर इस पल का जश्न मनाया है। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन कर रहे हैं। फिल्म की कहानी को अतुल कुलकर्णी ने लिखा है।

अतुल ने फिल्म के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह आमिर के साथ केक काटते हुए नजर आए हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, फिल्म लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग समाप्त हो गई है। फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज हो सकती है। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर भी इस फिल्म में नजर आएंगी। उन्होंने भी कुछ दिन पहले ही फिल्म की शूटिंग पूरी की है।मिस्टर परफेक्टनिस्ट माने जाने वाले आमिर ने लाल सिंह चड्ढा को अपना पैशन बना लिया है। यही वजह है कि ध्यान केंद्रित करने के लिए उन्होंने फिल्म के रिलीज होने तक अपने मोबाइल फोन को स्विच ऑफ रखने का फैसला किया था। साउथ स्टार नागा चौतन्य इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं। आमिर और करीना के अलावा फिल्म में अभिनेत्री मोना सिंह भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी।आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्डा में आमिर और करीना मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे।

## अवैध रूप से लगे होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटाए

देहरादून। नगर निगम कर अनुभाग की टीम ने शहर में लगाए गए अवैध होर्डिंग विज्ञापनों को हटाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार देर रात टीम ने विभिन्न इलाकों में बिना अनुमति के लगे एक हजार से ज्यादा होर्डिंग,बैनर और पोस्टर हटाए। निगम ने आगे भी रात के समय निमयों को ताक पर रखकर लगाए जा रहे विज्ञापनों को हटाने के लिए कार्रवाई जारी रखने का निर्णय लिया है। नगर निगम के सौ वार्डों में होर्डिंग विज्ञापन लगाने का काम जिन निजी कंपनियों को सौंपा था। उनके साथ अनुबंध की समयसीमा काफी पहले ही समाप्त हो गई है। ऐसे में राजनैतिक दलों के साथ ही कई प्राइवेट कंपनियां इसका खूब फायदा उठा रही हैं। जिन साइटों से निगम को लाखों रुपये की आय होती थी, ऐसी कई साइटों पर मुफ्त में ही होर्डिंग विज्ञापन लगा दिए जा रहे हैं। ऐसे में एक तरफ निगम को लाखों को रुपये की चपत लग रही है। वहीं दूसरी तरफ प्रतिबंधित इलाकों में लग रहे अवैध होर्डिंग, बैनर पोस्टर शहर की सूरत बिगाड़ रहे हैं। उधर निजी कंपनियां टेंडर लेने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहीं। इसके बाद विधिवत होर्डिंग आदि लगाने का काम किसी कंपनी को सौंपने के लिए एक कमेटी भी गठित की गई है।

## उत्तराखंड में राष्ट्रभक्त लोग हैं वे कभी घोषणाबाज लोगों के झांसे में नहीं आएंग: सीएम धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा है। कहा कि घोषणा करना तो आसान है, लेकिन उसे अमल में लाना अलग बात है। भाजपा मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब सीएम धामी से जब दिल्ली के सीएम केजरीवाल के छह माह के भीतर उत्तराखंड में एक लाख नौकरी देने के वादे पर जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब सत्ता में आएंगे तो तभी तो करेंगे। घोषणाएं करना तो आसान है, पर उन्हें क्रिन्यावित भी करना होता है।राज्य सरकार नौजवानों के लिए ठोस योजना बना रही है, उन्हें रोजगार दिया जा रहा है, इसके साथ ही स्वरोजागर के लिए भी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रभक्त लोग हैं वे कभी घोषणाबाज लोगों के झांसे में नहीं आएंगे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक वीना जोशी द्वारा देवभूमि प्रिन्टर्स, सरस मार्केट, हल्द्वानी, नैनीताल रोड, (नैनीताल) से मुद्रित एवं 12, बसन्त विहार छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड से प्रकाशित।

**सम्पादक : वीना जोशी**

**सभी विवादों का निपटारा हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होगा। प्रकाशित समाचारों के लिए प्रेस उत्तरदायी नहीं है।**